


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03 : अंक : 348 | ग्वालियर, रविवार 31 जनवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8




| किसान आंदोलन: अब हल निकालने प्रधानमंत्री संभाल सकते हैं कमान |

# मोदी ने कहा बातचीत से हल निकालें, किसान बोले हम तैयार

नईदिल्ली ■ ब्यूरो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हुई सर्वदलीय बैठक में कहा कि सरकार किसानों से बात करने के लिए हमेशा तैयार है। किसानों को 22 जनवरी को जो प्रस्ताव दिया गया था, वह अब भी बरकरार है। कोई भी हल बातचीत से ही निकलना चाहिए। बैठक में सरकार ने सभी दलों के सामने बजट सत्र का अपना एजेंडा रखा। यह मीटिंग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की गई। वही प्रधानमंत्री के इस बयान पर आंदोलन कर रहे किसानो ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी उन्होने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार है ।

बता दे कि 22 जनवरी को सरकार और किसान नेताओं के बीच 12वीं बैठक हुई थी। इसमें सरकार ने कहा था कि नए कानूनों में कोई कमी नहीं है। आप (किसान नेता) अगर किसी फैसले पर पहुंचते हैं तो बताएं। इस पर फिर हम चर्चा करेंगे। इससे पहले 20 जनवरी को हुई मीटिंग में केंद्र ने डेढ़ साल तक नए कृषि कानूनों को लागू नहीं करने और एमएसपी पर बातचीत के लिए कमेटी बनाने का प्रस्ताव रखा था।

## मैं आपसे सिर्फ एक फोन कॉल दूर

सूत्रों के मुता मैं कृषि मंत्री ओर से किर को दोहराना था कि हम कानूनों पर) लेकिन हम : रहे हैं। मैं अ एक फोन दूर हैं। जब आप फोन र मैं बातचीत लिए तैयार



मोदी ने कहा कि उनकी सरकार किसानों के मुद्दे सुलझाने के लिए लगातार कोशिश कर रही है।

## किसानों व सरकार में बातचीत कराए



फोन वाली बात पर ए भारतीय किसान क्ता राकेश टिकैत ने म मोदी का धन्यवाद उन्होंने किसानों को । उन्होंने कहा कि र किसानों के बीच त्री संवाद करवाएं। ान नेता शिव कुमार क्काजी ने कहा कि म जरूर बात करेंगे। अगर वो एक कॉल की दूरी पर हैं तो हम तो रिंग की दूरी पर हैं। वो जिस दिन घंटी कर दें हम उस दिन पहुंच जाएंगे। बातचीत से ही हल निकलना चाहिए।

## विपक्ष ने कहा- कृषि कानूनों पर नए सिरे से बहस हो

बैठक के दौरान ज्यादातर विपक्षी नेताओं ने कहा कि सरकार को संसद के दोनों सदनों में फिर से कानूनों पर चर्चा करने की जरूरत है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस के गुलाम नबी आजाद, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, आम आदमी पार्टी के भगवंत मान, शिवसेना के विनायक राउत और शिरोमणि अकाली दल के बलविंदर सिंह भांडेर ने सरकार से आश्वासन मांगा कि कृषि कानूनों से जुड़े सभी विवादित मसलों पर चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार उन्हें दुश्मनों की तरह न देखे। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि कांग्रेस ने पहले ही सरकार को आंदोलन के बारे में चेतावनी दी थी। अब सरकार को इसके नतीजों से निपटना होगा। वहीं, भगवंत मान ने पीएम को बताया कि कुछ गलत लोगों ने किसानों के आंदोलन में घुसपैठ कर अराजकता पैदा की। अब उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही हैं। आंदोलन कर रहे किसानों की गलतफहमी दूर करने की कोशिश करनी चाहिए।

## सरकार बहस के लिए तैयार

इससे पहले शुक्रवार को लोकसभा स्पीकर की तरफ से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भी विपक्ष ने यही मांग उठाई थी। हालांकि, सरकार ने कहा कि यह मुद्दा लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव (मोशन ऑफ थैंक्स) पर बहस के दौरान उठाया जा सकता है, जिसके लिए 2, 3 और 4 फरवरी को 10 घंटे का समय रखा गया है।

## राजनीतिक दलों का टिकैत को समर्थन जारी

भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत को राजनीतिक दल खुलकर समर्थन देने लगे हैं। शनिवार को यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, दिल्ली कांग्रेस नेता अलका लांबा और हरियाणा से कांग्रेस सांसद दीपेंदर सिंह हुड्डा गाजीपुर पहुंचे। अखिलेश यादव ने भी टिकैत से कहा कि उनकी पार्टी किसानों के साथ है।

## इधर...सिंघु, टीकरी और गाजीपुर बॉर्डर पर इंटरनेट बंद

किसान आंदोलन में पिछले 4 दिन में 2 बार हुई हिंसा के बाद सरकार और पुलिस की तरफ से लगातार एक्शन हो रहा है। केंद्र सरकार ने किसान आंदोलन के तीनों अहम पॉइंट सिंघु, टीकरी और गाजीपुर बॉर्डर पर इंटरनेट सर्विस 31 जनवरी की रात 11 बजे तक बंद कर दी है। वहीं 26 जनवरी को हुई हिंसा के सबूत जुटाने के लिए दिल्ली क्राइम ब्रांच और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम शनिवार को लाल किले पहुंची। उधर, दिल्ली पुलिस की टीम ने शनिवार को जालंधर में छापा मारा। यह कार्रवाई भी लाल किले में हुए उपद्रव के मामले में की गई।

### घायल पुलिसकर्मियों के परिवारों ने प्रदर्शन किया

26 जनवरी को किसानों की ट्रैक्टर रैली में हुए उपद्रव में करीब 400 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इसके विरोध में दिल्ली पुलिस महासंघ और घायल जवानों के परिवारों के लोग शहीदी पार्क में प्रदर्शन किया।

# गांधीजी ने पूरी दुनिया को एकता, समानता तथा मानवता का पाठ पढ़ाया : बघेल

- मुख्यमंत्री ने जैतूसाव मठ में चरखा चलाते महात्मा गांधी की प्रतिमा का किया अनावरण
- छत्तीसगढ़ में आजादी की लड़ाई और वैचारिक क्रांति जगाने में जैतूसाव मठ का महत्वपूर्ण योगदान

लोकदेश संवाददाता ■ रायपुर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार शाम महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के अवसर पर राजधानी के पुरानी बस्ती स्थित जैतूसाव मठ परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की चरखा चलाते हुए प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने प्रतिमा के अनावरण पर कहा कि महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को एकता, समानता तथा मानवता का महान संदेश दिया है। उनका यह संदेश पूरी मानव जाति के कल्याण के लिए आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम में राजेश्री महंत रामसुदंरदास ने जैतूसाव मठ की ओर से छेरछेरा पर्व के अवसर पर एकत्र एक लाख 51 हजार रूपए का चेक मुख्यमंत्री सहायता कोष के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने इसी को हथियार बनाकर देश को आजादी दिलाने सहित पूरे समाज में समरसता भी कायम किया। छत्तीसगढ़ के रायपुर का जैतूसाव मठ आजादी के आंदोलन का एक प्रमुख केन्द्र रहा है, यह हमारे लिए गर्व का विषय है। गांधी जी ने यही से स्वतंत्रता के आंदोलनकारियों सहित समाज की एकता और उसे एक सूत्र में पिरोने के लिए अछूतोंद्धार तथा नारी उत्थान जैसे महत्वपूर्ण विषयों का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जैतूसाव मठ एक धार्मिक आस्था का केन्द्र ही नहीं अपितु इसकी राजनीतिक और ऐतिहासिक धरोहर के रूप में भी विशिष्ट पहचान है। यहां महात्मा गांधी के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू एवं इंदिरा गांधी तथा पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों का आगमन हुआ। इससे पता चलता है कि आजादी की लड़ाई और वैचारिक क्रांति जगाने में जैतूसाव मठ का कितना पुराना नाता रहा है।

## सीएम ने गांधी जी की प्रतिमा बनाने वाले पद्मश्री नेल्सन का सम्मान किया



## गांधीजी की विचारधारा को खंडित करने की कोशिश हो रही

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने आज मानवता, प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। वर्तमान दौर में गांधी जी की विचारधारा को खंडित करने की कोशिश हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए लड़ाई लड़ने का संकल्प लेने की जरूरत है। देश की एकता, उन्नति और विकास के लिए जरूरी है कि हम सब नफरत से दूर रहे। उन्होंने युवाओं से वैमनस्यता एवं अलगाव की भावना को दूर रहने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुदंरदास ने कहा कि जैतूसाव मठ छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता के आंदोलनकारियों का केन्द्र रहा है। इस परिप्रक्ष्य में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित राष्ट्रीय स्तर के अनेक नेताओं का आगमन यहां हुआ था। इसी मंच से गांधी जी ने आंदोलनकारियों में देश की आजादी का मंत्र दिया था। इसी परिसर में उन्होंने चरखा भी चलाया था। जहां उनकी चरखा चलाते हुए कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है।

### फोटो प्रदर्शनी लगाई

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर जैतूसाव मठ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ी विभिन्न घटनाओं पर आधारित फोटो प्रदर्शनी अवलोकन किया। प्रदर्शनी का आयोजन जिला जनसंपर्क कार्यालय रायपुर द्वारा किया गया था। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में महात्मा गांधी का छत्तीसगढ़ प्रवास, तीस जनवरी सन उन्नीस सौ अड़तालिस तथा छत्तीसगढ़ मित्र मासिक पत्रिका के जनवरी अंक का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में बना रिकॉर्ड

# पंजीकृत में से रिकार्ड 95.38 प्रतिशत किसानों ने बेचा धान

लोकदेश संवाददाता ■ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लागू की गई किसान हितैषी नीतियों और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की बेहतर व्यवस्था के कारण खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में कुल पंजीकृत किसानों में से रिकार्ड 95.38 प्रतिशत किसानों ने धान बेचा। धान बेचने वाले किसानों की संख्या इस साल सबसे अधिक है। इस वर्ष पंजीकृत 21 लाख 52 हजार 475 किसानों में से 20 लाख 53 हजार 483 किसानों ने अपना धान बेचा है। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों की संख्या, कुल पंजीकृत रकबा, बेचे गए धान के रकबे, धान बेचने वाले किसानों के प्रतिशत के साथ-साथ कुल उपार्जित धान की मात्रा में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2020-21 में राज्य गठन के 20 वर्षों में इस वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक 92 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी का नया कीर्तिमान बना है। राज्य में यदि पिछले 6 वर्षों में धान बेचने वाले किसानों की संख्या को देंखे तो वर्ष 2015-16 में 13 लाख 17 हजार 583 पंजीकृत किसानों में से 11 लाख 5 हजार 556 किसानों ने अपना धान बेचा है, जो कुल पंजीकृत किसानों का 83.9 प्रतिशत है। इसी प्रकार 2016-17 में कुल पंजीकृत 14 लाख 51 हजार 88 किसानों में से 13 लाख 27 हजार 944 किसानों ने धान बेचा, जिसका प्रतिशत 91.5 है। वर्ष 2017-18 में पंजीकृत 15 लाख 77 हजार 332 किसानों में से 12 लाख 6 हजार 264 किसानों ने धान बेचा, जो 76.4 प्रतिशत है। वर्ष 2018-19 में पंजीकृत 16 लाख 96 हजार 765 किसानों में से 15 लाख 71 हजार 414 किसानों ने धान बेचा, जो 92.6 प्रतिशत है। इसी तरह वर्ष 2019-20 में पंजीकृत 19 लाख 55 हजार 544 किसानों में से 18 लाख 38 हजार 593 किसानों ने अपना धान बेचा है, जो 94.02 प्रतिशत होता है।



### धान खरीदी के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए

राज्य में विषम परिस्थितियों के बावजूद राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए। बारदानों की कमी को दूर करने अनेक वैकल्पिक व्यवस्थाएं के माध्यम से बारदानों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित की गई। किसानों को भुगतान निरंतर किया गया। कस्टम मीलिंग के साथ ही संग्रहण केन्द्रों में धान का उठाव भी निरंतर जारी है। प्रदेश में धान खरीदी का काम शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ है।

## पढ़ई तुंहर दुआर को ई-गवर्नेन्स अवार्ड : सीएम बघेल ने दी बधाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम पढ़ई तुंहर दुआर कार्यक्रम के तकनीकी टीम को 18वां सीएसआई ई-गर्वनेंस अवॉर्ड 2020 में अवार्ड ऑफ रेकग्निशन देने की घोषणा की गई है। छत्तीसगढ़ टीम को यह सम्मान 12 फरवरी को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण काल में छत्तीसगढ़ सरकार ने यह संकल्प लिया कि बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकेगी, इसके फलस्वरूप विपरीत परिस्थितियों के बावजूद राज्य में पढ़ई तुंहर दुआर की पूरी टीम ने वेब पोर्टल बनाया और कार्य प्रारंभ किया। इसमें दिन-प्रतिदिन नए नए आयाम जुड़ते गए, कारवां बनता गया और सफलता मिलती गई। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम सिंह टेकाम ने राज्य की टीम को बधाई देते हुए कहा की हमारे राज्य की तकनीकी टीम ने सिद्ध कर दिखाया हैं और छत्तीसगढ़, शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए इसी तरह सतत प्रयास करता रहेगा।

## मोबाइल बम से लेकर जहर की सूई तक...ऐसे दुश्मनों का सफाया करती है इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इजरायली दूतावास के पास शुक्रवार को हुए आईईडी धमाके के बाद से दुनिया की बेहद घातक खुफिया एजेंसियों में शुमार मोसाद एक बार फिर सक्रिय हो गई है। 13 दिसंबर 1949 को स्थापित हुई इजरायल की इस एजेंसी को बदले की भावना के लिए जाना जाता है। यह अपने दुश्मन से हिसाब बराबर करने के लिए कार बम, लेटर बम और मोबाइल बम से लेकर जहर की सूई तक का सहारा लेती है। यही वजह है कि इस मामले में भारत सरकार की जांच पर मोसाद की भी नजर है।हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस मामले की जांच में भारत मोसाद को शामिल करेगा या नहीं। लेकिन इजरायली विदेश मंत्रालय ने इसे आतंकी वारदात करार दिया है। इजरायल ने भी पुष्टि की है कि उसके अधिकारी भारत के साथ लगातार संपर्क में है। जानिए मोसाद के कुछ हैरतअंगेज कर देने वाले कारनामे

**2012 के दिल्ली धमाके की वजह बताई**-दिल्ली में यहूदी दूतावास के पास साल 2012 में भी एक बम धमाका किया गया है। इसके बाद इजरायली एजेंसी ने कुछ दिनों की जांच के बाद पता लगा लिया कि इस हमले में ईरानी सेना का हाथ था। ईरान से मोसाद की दुश्मनी पुरानी है। साल 2012 में ईरान ने अपने परमाणु वैज्ञानिक मसूद अली मोहम्मदी की हत्या में दोषी पाए गए इजरायली जासूस को फांसी दे दी थी।

**अपने 11 खिलाड़ियों हत्यारों को ढूंढ़कर मारा**-मोसाद ने 1972 में हुए म्यूनिख ओलिंपिक में इजरायली टीम के 11 खिलाड़ियों के हत्यारों को कई देशों में ढूंढ-ढूंढकर मौत के घाट उतार दिया। मोसाद की लिस्ट में 11 आतंकी थे, जो म्यूनिख में इजरायली खिलाड़ियों की हत्या के बाद अलग-अलग देशों में जाकर छिप गए थे। लेकिन मोसाद ने 20 साल के ऑपरेशन में सभी आतंकियों को खोजकर मार दिया।

नक्सली हत्या | बड़े भाई को किया अगवा,धनोरा क्षेत्र के टेकानार की घटना

# नक्सलियों ने एंबुलेंस ड्राइवर को लाठी-डंडों से पीटा, फिर मार डाला

लोकदेश संवाददाता ■ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब नक्सलियों के निशाने पर हेल्थ वर्कर भी आ गए हैं। नारायणपुर में नक्सलियों ने शुक्रवार शाम को एक एंबुलेंस चालक की हत्या कर दी। उसको पहले डंडों से पीटा और फिर कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर दिया। इसके साथ ही नक्सली उसके बड़े भाई को भी अगवा कर ले गए। किसी तरह अगले दिन शनिवार सुबह उसका बड़ा भाई नक्सलियों के चंगुल से बचकर गांव लौटा तो घटना का पता चला। मामला धनारो थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, धनोरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस चालक जयराम उसेंडी (35) शुक्रवार को अपने बड़े भाई पिलदास के साथ टेकानार के मुर्गा बाजार गया था। वहां से लौटने के दौरान रास्ते में



जिला मुख्यालय से करीब 55 किमी नक्सलियों ने जयराम की हत्या कर दी और उसके बड़े भाई पिलदास को अगवा कर ले गए। अगले दिन सुबह किसी तरह नक्सलियों के चंगुल से छूटकर पिलदास गांव लौटा।

**रात भर पेड़ पर छिपा रहा भाई, सुबह गांव लौटा:** बताया जा रहा है कि नक्सलियों के चंगुल से भागे पिलदास ने गांव पहुंचकर घटना की जानकारी दी। उसने बताया कि आधा दर्जन नक्सलियों ने घेराबंदी कर उन्हें रास्ते में रोक लिया था। इसके बाद डंडे से पहले जयराम को पीटा और फिर कुल्हाड़ी से उसके सिर पर वार कर दिया। इसके बाद नक्सली उसे पुलिस मुखबिरी की सजा दने की बात कहते हुए नारे लगा रहे थे। नक्सलियों से बचकर किसी तरह वह पेड़ पर चढ़ गया और सारी रात वहीं छिपा रहा।

### पहले भी जयराम के परिवार को गांव से भगाया था नक्सलियों ने

सुबह पिलदास की सूचना पर पुलिस मौके पर रवाना हो गई। वहां जयराम का शव बरामद करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि करीब आठ साल पहले भी नक्सलियों ने जयराम के परिवार को मकसोली गांव से भगा दिया था। इसके बाद पूरा परिवार धनोरा में आकर बसा गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी पूरी तरह से जानकारी सामने नहीं आ सकी है।




ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोन: 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com

# किसान की बेटी बनी आई.ए.एस.

## भारतीय कलाकार संघ बी .के.सीरियल एपिसोड का दूसरा एपिसोड चल, रहा गाँव में

मध्यप्रदेश के एक छोटे से गांव चंदन पुर के एक किसान की बिटिया ने डिप्टी कलेक्टर बनकर साबित कर दिया की बेटियां किसी से कम नहीं हैं। मध्यप्रदेश ग्वालियर से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव के किसान बाबू लाल ने अपनी बिटिया का सपना पूरा करने के अपनी वहीं बिटिया दीक्षा डिप्टी कलेक्टर बनकर साबित कर दिया कि बेटियां किसी से कम नहीं। किसान की दो बेटियां और एक बेटा हैं। छोटी बेटी दीपा माहौर बचपन से ही पोलियो के कारण लाठी का सहारा लेकर चलना फिरना पड़ता था। दिव्यांग होने के चलते लोग दीक्षा को कमतर आंकते थे और उसके भविष्य को लेकर तरह-तरह की बातें करते थे। ये ज्यादातर नकारात्मक बातें ही होती थी। इन सबके बीच बाबू लाल ही ऐसे थे जिन्होंने बिटिया को कभी मायूस नहीं होने दिया। खुद ग्रेजुएट थे इसलिए पढ़ाई का महत्व जानते थे। उन्होंने सोच रखा था कि बिटिया की उम्मीदों का आसमान हासिल करवाने में वे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। करियर को लेकर थोड़ी समझ आते ही बिटिया ने जब प्रशासनिक सेवा में जाने की ख्वाहिश जताई तो उसी दिन से बाबू लाल ने भी तय कर लिया कि अब बिटिया को यह मंजिल दिलाकर ही रहेंगे। कक्षा 12 वीं पास करने के बाद दीक्षा ने कलेक्टर की परीक्षा दी और इसके बाद कलेक्टर बनी केडी कुलदीप के डी अमित मंडेलिया, आर्टिस्ट पारस जादोन्न हेमंत आर्य ( संचालक बुन्देला डांस अकेडमी ) आदेश यादव ( संस्कार कोचिंग ) सहित सोनू धाकड़ रिशभ दुबे टेस्टिंग डांस संचालक रवि छेत्री डांस गुरु, आदेश यादव संस्कार कोचिंग अकैडमी आदि जी पूरे समय उपस्थित रहे। इस अवसर पर भी के सीरियल के रीना अग्रवाल, शिविका अग्रवाल , रूद्रका अग्रवाल,अंशु पालिया ( समीर ), डिम्पल पालिया ( खुशी ) खुशी केन ,पुन्नू केन , राजकुमार पालिया,सोनू जाटव , बृजेश जाटव अजय जाटव , आनंद केन , कुलदीप केन ( के.डी.डांस कोरियोग्राफर ),कृष्णा , रेम्बो छेत्री ( डांसर ),बॉबी कुशवाह अंजली गौतम अंजली सक्सेना पाराश जादौन श्रद्धा भदौरिया देव लोधी वैशाली राजपूत सरिता श्रीवास्तव ,तेजस्वी मोहित ( बुन्देला डांस क्लास )कंचन गुप्ता कृष्णा वंशकार ज्योति प्रीति गुप्ता आकाश मौर्य **देव राज रोहित मारिया राज गौड़ देव गौड़ राजा गौड़-**,विवश कुमार झारखंड,कृष्णा दीपक राजपूत संदीप सुमन अमित मंडेलिया सूरज छोटू अलंकार हर्ष चेकुर हिमांशु कुशवाह सूरज राठौर ( कराटे चेम्पियन )विकाश भटनागर( डबरा )जोया डांसर ( डबरा )अंशु राठौर रोहित गुस्ताख शायर दतिया,कवि अक्षय दुबे भिंड,सचिन महरा, नीलू ( तानसेन नगर ) वर्षा शर्मा, सोना सपना अंशिका सिंह मोनिका सोनी,वेष्णवी भदौरिया मोहित जादौन अभिजीत राणा नितिंग सिकरवार आदित्य कुशवाह हर्ष वर्मा गरिमा पंकज राठौर अंगात वर्मा बॉबी माहौर ( मोटू भाई ) प्रेम राणा कुंमकुंम सेंगर सूरज कौशल अभिषेक राजोरिया अंशुल वर्षा रजक स्नेहा आदि कलाकारों को सम्मानित किया गया।इन सभी कलाकारों ने आने वाली शार्ट फिल्म फ़ौजी बनी बिटिया में अपनी कलाकारी दिखाई है।

## एक नजर....

### 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के ईएमटी ने बस में करवाया सुरक्षित प्रसव



**भिण्ड, गोहद।** दिल्ली से लहार आ रही चिराग कंपनी की बस क्ष्83ञ 9985 शनिवार सुबह दिल्ली से लहार जा रही थी उसी बस में दिल्ली में मजदूरी कर रहे दंपत्ति अपने निज ग्राम दबरा लहार जा रहे थे, जानकारी के अनुसार, पिंकी पत्नी नारायण उम्र 24 साल जाति कुशवाह अपने घर प्रसव के लिए आ रहे थे कि अचानक रास्ते में गोहद निकलते ही खराब रास्ता होने के कारण बरथरा के आगे प्रसूता पिंकी को तेज दर्द होने लगे, घबराए हुए पिंकी के पति नारायण ने इसकी जानकारी तुरंत बस ड्राइवर जनवेद सिंह कुशवाहा को दी, जिसने तुरंत 108 इमरजेंसी एंबुलेंस को सूचना दी, सूचना मिलते ही मौ थाना 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के पायलेट सोनू बाथम अपने सहयोगी ईएमटी शैलेंद्र त्रिपाठी के साथ, बिना देर किए शीघ्र बस ड्राइवर के द्वारा, बताए गए स्थान, झंकरी पेट्रोल पंप पर पहुंचे, बस ड्राइवर बस को रोड के किनारे खड़ा कर दिया, तब इमरजेंसी एंबुलेंस के ईएमटी शैलेंद्र त्रिपाठी ने महिला को सुरक्षित प्रसव कराया, पिंकी ने सुंदर स्वस्थ बालिका को जन्म दिया, और फिर 108 इमरजेंसी एंबुलेंस के द्वारा जच्चा और बच्चा दोनों को, मौ समुदायक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया , जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने,जच्चा बच्चा दोनों को स्वास्थ्य बताया है, नवजात कन्या के पिता नारायण कुशवाह ने 108 इमरजेंसी एंबुलेंस की स्टाफ के सराहनीय कार्य को देखते हुए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

### रुपावास विद्यालय के अध्यापक का विदाई समारोह का आयोजन किया गया



रानी पाली नेनाराम सीरवी।निकटवर्ती ग्राम पंचायत रुपावास राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक मदनलाल लोहार का प्रमोशन रुपावास से.पादरला राजकीय विद्यालय मैं प्रधानाचार्य के रूप में हुआ। प्रधानाचार्य बनने पर समस्त ग्रामवासी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य विद्यालय के कार्मिक द्वारा अध्यापक मदनलाल लोहार का पुष्प माला पहनाकर उनका शानदार बहू मान किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी हरी भाई पटेल निवासी रुपावास। ग्राम पंचायत रुपावास सरपंच सुरेश बंजारा। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पायल पटेल। पूर्व जिला परिषद सदस्य श्रीदेवी पटेल। पुखराज मालवी। डॉक्टर नरेंद्र सिंह खंडेलवाल। अध्यापक अनिल नामा। रामजीवन सुथार। भवानी सिंह गजेंद्र जैन अशोक दवे आदि सहित गणमान्य ग्रामीणों की उपस्थिति में शानदार स्वागत किया गया।


### छात्र छात्राओं ने लिया नशा मुक्त संकल्प



(पुष्पांजली टुडे)

**भिण्ड।** सामाजिक संस्था के संयोजक सुनील दुबे के नेतृत्व में चौधरी रूप नारायण दुबे समाज कल्याण समिति द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर छात्र छात्राओं ने नशा मुक्त देश बनाने के लिए मध निषेध संकल्प दिवस के अवसर पर ग्राम रछेड़ी में रैली निकलकर संकल्प लिया और वहाँ उपस्थित सभी लोगों संकल्प लेते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत बनाने के लिए ऐसे ही जनजागरण अभियान आगे भी चलाते रहेगें।कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।

### सफलतम सरपंच कार्यकाल के 1 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम वासियों का आभार जताया गया





रानी पाली नेनाराम सीरवी।सरपंच कार्यकाल के सफलतम 1 वर्ष पूर्ण होने पर पाली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खेरवा सरपंच संतोष कंवर राणावत। सरपंच प्रतिनिधि भारत सिंह राणावत। सोड़ावास सरपंच राधा देवी सीरवी। सरपंच प्रतिनिधि छोगा राम सीरवी. वडेर वास सरपंच लीला देवी सिरवी। सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सीरवी। वडेर वास उपसरपंच गणेशराम सिरवी। सोडावास उपसरपंच नाहर सिंह जोधा। दयालपुरा सरपंच कैलाश कवर राजपुरोहित। सरपंच प्रतिनिधि भैरों सिंह राजपुरोहित। डरी सरपंच जबर सिंह जोधा। मनिहारी सरपंच भैरों सिंह शेखावत। सरपंच संघ अध्यक्ष पाली पंचायत समिति दिलीप सिंह सोनीगरा। हेमावास सरपंच मोहनलाल पटेल।टेवाली सरपंच जोगा राम कुमावत। गुंदोज सरपंच दिनेश कुमार बंजारा। गुड़ा एंडला सरपंच मीनाक्षी मीणा।सोनाई माझी सरपंच पूरण कवर।डिगाई सरपंच प्रेम कवर। भांगेसर सरपंच हबीब खान। सांपा. सरपंच धापू देवी ओड।साकडडा सरपंच धीरज देवी देवासी।गुरडाई सरपंच कमला देवी।कुरना सरपंच लाभु राम देवासी। लांबिया सरपंच मदनलाल।लांबिया ग्राम पंचायत उप सरपंच नेम सिंह राजपुरोहित।बाणियावास सरपंच सीता।बोमाडडा सरपंच जोगाराम। भाव री सरपंच सुनीता त्रिवेदी। रुपावास सरपंच सुरेश बंजारा।गिराडडा सरपंच मंगलाराम मीणा।संपूर्ण सरपंच के 1 वर्ष सफलता पूर्ण होने पर ग्राम वासियों का आभार जताया गया।सफलतम 1 वर्ष के कार्यकाल के दौरान सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधियों द्वारा ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी के अलावा पंचायत के संपूर्ण कार्मिक एवं संबंधित पंचायत के संपूर्ण अधिकारी एवं कार्मिक सभी का शानदार सहयोग रहा। इस दौरान पाली पंचायत समिति के सरपंच के सफलतम 1 वर्ष के कार्यकाल के दौरान कई सफल कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर पूरे किए गए।

## राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच की महिला इकाई की ग्वालियर में बैठक संपन्न



**सुरजीत राजावत**

राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच की मध्य प्रदेश, ग्वालियर में आज प्रदेश ,संभाग व जिला महिला पदाधिकारियों की एक बैठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष( म.प्र. ) ट्ठएडवोकेट आशा गुप्ता ,प्रदेश महिला अध्यक्षट्ठ एड. रागिनी मिश्रा एवं प्रदेश महिला युवा अध्यक्ष एड. शिल्पा डोगरा के नेतृत्व में संपन्न हुई ! बैठक में प्रमुख रूप से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट व हस्ताक्षर अभियान एवं दिनांक 5 फरवरी को महामहिम राष्ट्रपति जी को संबोधित ज्ञापन के संबंध में विस्तृत चर्चा एवं रूपरेखा तैयार की गई, साथ ही महिला आरक्षण को लेकर भी उपस्थित सभी महिला पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों ने अपनी सहमति जताई एवं इस हेतु भी अतिशीघ्र मुहिम चलाने पर विचार विमर्श किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एड. आशा गुप्ता ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के प्रादुर्भाव, गठन एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला, वही अधिवक्ताओं के हित व कल्याण के लिए राष्ट्र स्तर पर इतने विशाल महामंच के गठन पर मंच के निर्माता एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एड.प्रियांशी गुप्ता, प्रदेश महामंत्रीट्ठ एड.ममता कैन, प्रदेश सहा प्रवक्ता एडवोकेट अनामिका शर्मा, संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एड. रश्मि राठौर , संभागीय उपाध्यक्ष ट्ठएड. माया गर्ग, जिला सचिवट्ठ एड. कीर्ति राठौर एवं अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित हुए एवं सभी ने एकमत से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट ,हस्ताक्षर अभियान, ज्ञापन एवं भविष्य में होने वाली राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच की प्रत्येक मुहिम में तन मन धन से अपना सहयोग करने की इच्छा जाहिर की ! बैठक के अंत में प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्य गणों का आभार व्यक्त किया !

## जिले में कोरोना संक्रमण रोकने की कार्यवाही जारी

श्योपुर । कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में नोबल कोरोना वायरस कोविड-19 के अंतर्गत श्योपुर जिलें में संक्रमण को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय किये जा रहे है। साथ ही समय-समय पर मिलने वाले संक्रमित मरीजो को कोरोना से निजात दिलाने की कार्यवाही जारी है। सीएमएचओ डॉ बीएल यादव ने बताया कि कोरोना संक्रमण की दिशा में राज्य/अन्य राज्यों से आये 17313 यात्रियो की स्क्रीनिंग कार्य मेडीकल टीम द्वारा समय-समय पर कराने की सुविधा दी गई है। जिसमें विदेश भ्रमण से आये 64 व्यक्तियों को स्क्रीनिंग की सुविधा प्रदान की गई। इसी प्रकार विदेश से आये इतने ही व्यक्तियों को होम कोरेनटाईन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। साथ ही उनका होमकोरेनटाइन का पीरियड भी पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा विदेश से आये 02 यात्री जिले मे वापिस नही लौटे है।



## गणतंत्र दिवस पर पौधारोपण करना पुनीत कार्य, नरोत्तम सिंह

**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

गोहद नगर के वार्ड नंबर 17 के मुक्तिधाम में 72 वें गणतंत्र दिवस पर वीर सैनिकों की स्मृति मैं पौधारोपण का कार्यक्रम समाजसेवियों द्वारा रखा गया उसमें मुख्य रूप से नरोत्तम सिंह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल मथुरा ने पौधारोपण करते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि आज 72 वे गणतंत्र दिवस पर मुक्तिधाम में वीर सैनिकों की पुण्य स्मृति में पौधारोपण करने का अवसर मिल रहा है क्योंकि मैं स्वयं एक सैनिक हूं प्रकृति व पर्यावरण में विषैली गैस शामिल हो रही हैं। हमें अपना जीवन सुरक्षित रखना है तो पेड़ पौधे लगाकर शुद्ध वातावरण में भी जी सकेंगे। जेपी अग्रवाल ने कहा कि यहां मुक्तिधाम में निरंतर समाजसेवियों के सहयोग से मुक्तिधाम को सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उसमें लगभग 350 पेड़ पौधे रोपित किए जा चुके हैं। जो सुरक्षित होकर बड़े पेड़ हो चुके हैं छाया, औषधि व फल, फूल कई तरह के पौधे लगातार लगाए जा चुके है। इस अवसर पर सतीश पाराशर शिक्षक, मनोज शर्मा सचिव (जय दुर्गे कामाख्या मा सेवा संस्थान) विनय महौर, राममित्र गुप्ता, रामदास प्रजापति आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## जो सामाजिक कार्य आप अभी तक नहीं कर पाएं उन्हें आप आगे जरूर करें- एस डी एम शुभम शर्मा

### न.पा. के दो कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित हुआ विधाई समारोह



गोहद। नगर पालिका परिषद से आज दो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में भृत्य रामबेटी वर्मा एवं भृत्य दिनेश कुमार जाटव हैं। इनके सेवानिवृत्त होने पर नगर पालिका परिषद के द्वारा इनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस विदाई समारोह में नगर पालिका परिषद के प्रशासक एवं एसडीएम शुभम शर्मा ने बोलते हुए कहा कि आज आपका यह सफ़र यहां समाप्त होता है लेकिन आगे अन्य जीवन है जो आपको जीना है वह सब जो आप कार्यालय कार्य में कार्यरत रहते हुए नहीं कर पाए वह आप अपने जीवन के इस चरण में जरूर कीजिए। जैसे कि सामाजिक कार्य अपनी फैमिली पर ध्यान। उन्होंने कहा कि मैं आपके दीर्घ जीवन, स्वास्थ्य जीवन एवं लम्बे जीवन की कामना करता हूं। विदाई समारोह के अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश जगनेरिया ने कहा कि हमारे नगरपालिका परिवार से आज जो दो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं उन पर आज तक कोई दाग नहीं लगा है उन्होंने नगर पालिका परिषद में अपना पूरा कार्य ईमानदारी निऊ और निष्पक्षता से किया इस कारण आज तक उन पर कोई आरोप नहीं लगा ना ही उनकी कोई विभागीय जांच हुई। प्रशासक व एसडीएम शुभम शर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश जगनेरिया ने दोनों सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सम्मानित किया। सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय यातायात सड़क सुरक्षा अभियान

**पुष्पांजली टुडे अंकित अभिषेक**

**औरैया।** उप्र पुलिस अधीक्षक औरैया श्रीमती अपर्णा गौतम के निर्देशानुसार आज दिनांक 30/1/2021को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2021 अभियान के क्रम में यातायात प्रभारी औरैया श्री श्रवण कुमार तिवारी मय यातायात पुलिस टीम द्वारा नेशनल हाईवे पर अधिक स्पीड वाले वाहनों को स्पीड रडार लगाकर चेक किया गया उक्त चेकिंग के दौरान करीब 20 वाहनों को चेक किया गया जिसमें दो वाहन ओवर स्पीड पाए गए जिन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके अलावा यातायात पुलिस टीम द्वारा सुभाष चौराहा पर कोहरा मौसम को देखते हुए कई वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए इसी क्रम में डग्गामार वाहनों की चेकिंग कस्बा दिबियापुर में फफूंद चौराहा व कंप्रेसर बंबा पर चेकिंग अभियान चलाकर करीब करीब 22 वाहनों के चालान काटे गए कुल कार्यवाही के तहत दो पहिया वाहन 32 चालन व चार पहिया वाहन अट्ठारह चालान किए गए उक्त कार्यवाही में यातायात प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी वह हमराह कांस्टेबल आशीष सचान होशियार सिंह धीरज उत्तम रमन शर्मा सत्येंद्र सिंह मौजूद।







VISION 2030
ग्वालियर शहर में पहली बार हर सेवा और वस्तु बहुत ही सस्ती
जियो रीचार्ज एक माह 199 वाला केवल 180 में।
आइडिया और एयरटेल का रीचार्ज केवल 225/- में 249 वाला।
किराना का सामान सबसे सस्ता।
HOME TUITION का डेमो फ्री वो भी 15 दिन।
केक केवल 180/- में फ्री HOME DELIVERY के साथ।
टिफिन सेंटर खाना बिल्कुल घर जैसा।
ऐसे ही 5 लाख प्रोडक्ट्स और 50 से ज्यादा सेवाएँ
बस एक कॉल या वॉट्सएप्प, हर सेवा आपके पास।
Only WHATSAPP 9425823988
call-9691937250/- 9516003221





# नप में अधिकारी व कर्मचारियों ने ली नशा मुक्ति शपथ

**दबोह(अर्पित गुप्ता)।** शासन के निर्देशानुसार शनिवार को नगर परिषद दबोह में नशा मुक्ति को लेकर मुख्य नप अधिकारी बाबू लाल कुशवाहा व कर्मचारियों ने शपथ ली। नशा मुक्ति शपथग्रहण के दौरान मुख्य नप अधिकारी बाबू लाल कुशवाह ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा हमारे समाज के लिए घातक होता है और हमारी दिनचर्या को भी बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है इसीलिए इस रोक जरूरी है।उन्होंने कहा कि नशा हमारे स्वयं के लिए और समाज के लिए नाश की जड़ है नशा समाज के लिए एक बुराई है जो समाज में बुराइया फैलाती है इसलिए हमे प्रयत्न करके इसे जड़ से मिटाना होगा।वहीं एन आर खेंगर ने कहा कि आज नशा मुक्ति पर हम सभी शपथ ले कि कभी भी नशे की चपेट में नही आएंगे और नशा नही करेंगे,और समाज में बढ़ती हुई मद्यपान,तम्बाकू,सिगरेट और नशीले मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम का वातावरण बनाएंगे।इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी बाबू लाल कुशवाह,एन आर खेंगर,मुन्ना राजावत,अरुण तिवारी,नारायण बाबू जी,रामकिशोर मिश्रा के साथ समस्त नप स्टाफ व अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने बहुप्रतीक्षित प्रदर्शनी की तैयारियों का लिया जायजा

**जनपद इटावा।** कोरोना काल में लॉकडाउन के एक लम्बे इंतज़ार के बाद से जनपद प्रदर्शनी (नुमाइश) की शुरुआत इस नव वर्ष में आगामी 31 जनवरी से होगी, जिसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी श्रुति सिंह ने प्रदर्शनी स्थल पहुंचकर आज निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रदर्शनी में मौजूद दुकानदारों को कोविड नियमों के समुचित पालन हेतु निर्देशित भी किया, प्रदर्शनी के दौरान नुमाइश पंडाल में आयोजित होने वाले इटावा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सम्बंध में भी जिलाधिकारी ने मीडिया से जानकारी साझा की। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम सदर व जनरल सेक्रेटरी प्रदर्शनी सिद्धार्थ व अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।

# दबंगई के चलते किया आम रास्ता बंद नहीं हो रही पानी की निकासी

**दबोह(अर्पित गुप्ता)।** एक ओर शिवराज सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों रुपयो की लागत से सी सी रोड व नाली निर्माण कार्य करा रही है व स्वच्छता अभियान चलाकर गाँव को साफ व स्वच्छ बनाने का अथक प्रयास कर रही है वही ग्राम फरदुआ में लाखों रुपये की लागत से सरकार ने सी सी रोड़ व नाली का निर्माण कराया जिससे ग्राम को साफ एवं स्वच्छ रखा जा सके वही पर गाँव के कुछ दबंग लोगो ने नाली को मिट्टी डालकर दोनों तरफ से बन्द कर दिया।जिससे नाली का गन्दा पानी संतोष शर्मा के मकान के अन्दर व आम रास्ता पर गन्दा पानी भरा हुआ है चारो तरफ गंदगी फैली हैं जिससे ग्रामीणों को कई प्रकार की घातक बीमारीयो का भय सता रहा है आम रास्ता दल दल में तब्दील हो गया जो कि गांव का मेन रास्ता है जिससे ग्रामीणों को उस दल दल से होकर गुजरना पड़ रहा है जो कि गांव के लिये एक बड़ी समस्या बनी हुई है जिसकी शिकायत सन्तोष शर्मा ने सी एम हेल्पलाइन व लिखित में दबोह थाना पर आवेदन दिया लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई।



### इनका कहना

हां फरदुआ गांव के लोग मेरे पास शिकायत लेकर आये थे मैंने जनपद ष्टश्वह्र के पास भेज दिया।

आर एस प्रजापति

स्ष्ठरूलहार

गाँव के कुछ दबंग लोगो ने हमारे मकान के बहार नाली को मिट्टी डालकर बन्द कर दिया हमारे घर पानी बहार नही निकल पा रहा है अंदर ही भरा हुआ है।

संतोष शर्मा

शिकायत कर्ता

कुछ लोगो ने लम्बे समय से नाली को बंद कर रखा है जिससे आम रास्ता पर व घरो में पानी भर रहा है सोमवार को नाली साफ कराऊँगा।।

**रामजीलाल**
**पँचायत सचिव फरदुआ**

## भारत सरकार के आर्थिक सर्वे में उत्तर प्रदेश को मिली तारीफ..

योगी सरकार के कोविड प्रबंधन की जम कर तारीफ। के बाद अब आर्थिक सर्वे में भी बजा योगी सरकार का डंका। योगी सरकार का कोविड प्रबंधन देश और दुनिया में कोरोना से निपटने का सबसे अचूक माडल बन गया। और दुनिया भर की तारीफ के बाद अब 2020-21 के आर्थिक सर्वे में योगी सरकार के कोविड प्रबंधन की जम कर तारीफ हुई है। आर्थिक सर्वे में माना गया कि अपने शानदार प्रबंधन के दम पर योगी सरकार उत्तर प्रदेश में कोरोना का प्रसार रोकने में सफल साबित हुई। सीएम योगी द्वारा लाकडाउन का त्वरित निर्णय प्रदेश में कोरोना संक्रमण का प्रसार रोकने में काफी प्रभावी रहा। आर्थिक सर्वे के मुताबिक उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक रूप कोरोना के प्रसार की जितनी बड़ी आशंका की जा रही थी उससे बहुत कम मामले सामने आए हैं। 690 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर के घनत्व वाले प्रदेश की सरकार महामारी के प्रसार पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने में सफल रही। जिसके कारण भारत की स्थिति दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले कोरोना से लड़ाई में काफी मजबूत रही। देश में कोरोना जांच करने के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में नंबर वन है। कोविड वैक्सीनेशन के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में सबसे अव्वल है।

## वीरांगना महिला मंडल द्वारा गांधी जी की पुण्यतिथि शहीद दिवस का आयोजन




युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से संबंधित नेहरू युवा केंद्र ग्वालियर के तत्वाधान में वीरांगना महिला मंडल द्वारा गांधी जी की पुण्यतिथि शहीद दिवस का आयोजन असल्यास रहे सिंहपुर रोड मुरार में आयोजित किया गया जिसमें बच्चों के द्वारा गांधी जी के जीवन पर भाषण प्रतियोगिता हुई निबंध प्रतियोगिता हुई और चित्रकला प्रतियोगिता भी हुई भाषण प्रतियोगिता ने प्रथम स्थान रजत गुप्ता ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान तुलसी और तृतीय स्थान रितिका गुप्ता ने प्राप्त किया लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान बाथम और द्वितीय स्थान भवानी गुर्जर तृतीय स्थान भावना सिंह ने प्राप्त किया ड्राइंग में प्रथम स्थान मनीषा गुर्जर द्वितीय स्थान रूनी तृतीय स्थान पल्लवी शर्मा ने प्राप्त किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मनोवैज्ञानिक काउंसलर एवं पादरी श्री आलोक बेंजामिन जीअतिथि के रूप में अर्चना जी शिक्षिका सेंट पॉल स्कूल मुरार समाजसेविका दुर्गेश नरवरिया जी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरांगना महिला मंडल के सचिव श्रीमती ज्योति सिंह चौहान द्वारा की गई कार्यक्रम में बच्चों को गांधीजी के बारे में बताया गया ऐसे गांधी जी ने लोगों को सही रास्ते पर चलना सिखाया सत्य अहिंसा की बातें समझा कर उनको सही रास्ता दिखाया और देश को आजादी प्राप्त करने में सहयोग किया।

## बेंगलूर पश्चिम कार्यकारिणी स्नेह मिलन व फोटोसेशन का कार्यक्रम का हुआ आयोजित

प्रेस नारायणलाल सैणचा



**बेंगलूर।** शुक्रवार को सीरवी समाज सुकंदकट्टे बैंगलोर पश्चिम् की कार्यकारिणी व भुतपुर्व अध्यक्षो मांगीलाल, खेमाराम, पुर्व सचिव देवाराम गेहलोत, बाबुलाल पंवार, अशोक परिहार की उपस्थिति में वर्तमान कार्यकारिणी का फोटोशूट व स्नेह मिलन बैंगलोर स्थित किंग क्लब मे आयोजित किया गया इसमेँ सभी सदस्य एकत्र हुए अध्यक्ष इन्द्रलाल सचिव भंवरलाल व उपाध्यक्ष रूगाराम ने इस आयोजन को दिशा दी कार्यकारिणी मे भानाराम गेहलोत नेमाराम सैणचा व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# भाजपा द्वारा घर घर जाकर वितरित किये पत्रक

**दबोह(अर्पित गुप्ता)।** भारतीय जनता पार्टी दबोह मण्डल पदाधिकारियों द्वारा मण्डल के विभिन्न गांवों में जैसे धर्मपुरा,देवरी,रमपुरा, नरोल,सोसरा आदि गांवों में घर घर जाकर केंद सरकार व प्रदेश सरकार की किसानों के हित में संचालित योजनाओं के लिखित पत्रक मतदाताओं व किसानो को वितरित किये गए साथ ही किसान बिल के समर्थन में किसानों को किसान बिल के बारे में समझाया इस मौके पर वरिष्ठ नेता अंजनी कुरचनिया,महामंत्री रावसाहब गुर्जर,कार्यालय मंत्री राजा यादव,सुभाष यादव,हरिश्चंद्र तिवारी,राहुल गुर्जर अमन गोस्वामी,शिबकान्त शुक्ला आदि कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।।

# राष्ट्रपिता को याद कर किया मौन धारण



**दबोह(अर्पित गुप्ता)।** नप दबोह में शनिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर मौन धारण किया गया।इस दौरान नप अधिकारी बाबू लाल कुशवाह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने भारत देश के लिये अनेको अनेक योगदान दिए।हमारे देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जिनको हम बापू जी के नाम से भी जानते थे उनका जन्मदिन हम सभी 2 अक्टूबर व पुण्यतिथि 30 जनवरी को मनाते हैं।उन्होंने महात्मा गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हम सबको गांधी जी को नही उनके विचारो को अपनाना चाहिए गांधी जी ने हर परिस्तिथि में अहिंसा और सत्य का पालन किया और सभी को इन नियमो का पालन करने की सीख भी दी।महात्मा गांधी भारत के राष्ट्रपिता थे वे भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के सूत्रधार कहलाए जाते हैं,महात्मा गांधी का संपूर्ण जीवन इस बात का जीता जागता प्रमाण है कि एक साधारण व्यक्ति कितना असाधारण हो सकता है।तो वहीं एन आर खेंगर ने कहा कि महात्मा गांधी का पूरा नाम यूं तो मोहनदास करमचंद गांधी था,लेकिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी सशक्त भूमिका ने न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में उनके प्रति आदर और प्रेम भर दिया,इसलिए लोग उन्हें प्यार से बापू कहने लगे और देश दुनिया के लोग उन्हें बापू के नाम से पुकारने लगे,ऐसे महापुरुष को हम आज उनकी पुण्यतिथि पर आदर भाव से नमन करते हैं और उनके मार्गो पर चलने की प्रतिज्ञा लेते हैं।इस दौरान मुख्य नप अधिकारी बाबू लाल कुशवाह,एन आर खेंगर,मुन्ना राजावत,नारायण बाबू जी,अरुण तिवारी,रामकिशोर मिश्रा के साथ समस्त नप स्टाफ व अन्य लोग मौजूद रहे।

## पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह का राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन 'गणतंत्र दिवस साहित्यिक महोत्सव हुआ सम्पन्न



पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन ÷गणतंत्र दिवस साहित्यिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में देशभर के रचनाकारों ने भाग लिया तथा एक से बढ़कर एक गणतंत्र की महानता और विशेषता पर आधारित अपनी रचनाओं के माध्यम से भारतीय गणतंत्र के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। इस महोत्सव में समूह द्वारा विशेष सहयोग हेतु ऋचा सिन्हा जी (नवी मुंबई, महाराष्ट्र) का चयन किया गया था। जिन्होंने अपने विशिष्ट सहयोग से ऑनलाइन गणतंत्र दिवस साहित्यिक महोत्सव को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। समूह द्वारा गणतंत्र दिवस साहित्यिक महोत्सव में शामिल होने वाली विशिष्ट सहयोगी ऋचा सिन्हा जी सहित सभी रचनाकार शख्सियतों को पुनीत साहित्य ज्योति सम्मान द्वारा सम्मानित करके भविष्य में भी इसी तरह से साहित्य सेवा करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष जी ने साहित्यिक महोत्सव के सभी प्रतिभागी रचनाकारों को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह इसी तरह आगे भी ऑनलाइन साहित्यिक कार्यक्रमों के माध्यम से आम लोगों में साहित्यिक रूचि उत्पन्न करता रहेगा तथा नए लेखकों को मंच प्रदान करके उनके अंदर के साहित्यिक बीज को अंकुरित होने का भरपूर अवसर प्रदान करेगा। इस महोत्सव में उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम ऋचा सिन्हा, रामभरोस टोण्डे, चंचल गोस्वामी, डॉ. रानी गुप्ता, डॉ. गोकुल बहादुर क्षत्रिय, रौशनी अरोड़ा रश्मि, आभा सिंह, पुष्पा कर्ण, अंजली रॉय, सारिका चौरसिया, कवि अरूण चक्रवर्ती, अर्चना जोशी, शंभू राय, नंदिनी लहेजा, मीता लुनिवाल, सीमा वर्णिका, लीना खेरिया, वेदस्मृति 'कृती', मीना सोनी, शुचि शुक्ला, गायत्री जोशी अरुणिमा, ज्योति जैन ज्योति, नम्रता सरन सोना, प्रतिभा श्रीवास्तव अंश, प्रीति पाठक, अल्पा मेहता एक एहसास÷, हरप्रीत कौर, शिवानी मिहिर व्यास मिशी, अर्चना राज़ चौबे, गोमती सिंह रचनाकारों के रहे।

# नदिया से नदिया जुड़वाने के लिए हस्ताक्षर अभियान जल्द सीरवी

प्रेस नारायणलाल सैणचा

**भावी।** 5 फरवरी से होगा हस्ताक्षर अभियान की शुरुवात पर्यावरण एवं संस्कृति को समर्पित पर्यावरण संजीवनी संस्थान का श्री मोती मेमोरियल महाविद्यालय मेंबैठक आयोजित की गई जिसमें संस्था के पदाधिकारियों की मौजूदगी में कई निर्णय पारित हुए जिसमे 5 फरवरी से नदिया से नदिया को जोड़ने का कार्य को लेकर हस्ताक्षर अभियान की शुरुवात की जाएगी जिसमें जोधपुर के सबसे बड़ा जसवंत सागर बांध में नदिया को डालकर इन क्षेत्र में हरियाली के साथ सिचाई हेतु पानी की उपलब्धता हो जाये तो लाखों किसानों को फायदा होगा संस्था के अध्यक्ष गोविंद सीरवी ने पत्रकारों को बताया कि संस्था के आगामी कार्यक्रम में पहले चरण में नदिया से नदियों को जोड़ने को लेकर राज्य एव केंद्र सरकार को एक बड़े पोस्टर पर हस्ताक्षर करके उन्हें सौपा जाएगा जिसमे क्षेत्र के दो लाख हस्ताक्षर किया हुआ पोस्टर केंद्र एवं राज्य सरकार को दिया जाएगा । जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। इस मौके पर संस्था के सरक्षक कानाराम पितावत, अध्यक्ष गोविंद सीरवी ,कोषाध्यक्ष अशोक कुबावत, प्रवीण सोनी,शिवलाल मेगवाल, गणपत बेरवाल, सुरेंद्र मैया, अजय वर्मा, संजय जैन, लक्ष्मण विश्नोई, रमेश सोहु ,ललित आर्य, सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे ।



## सिलिस्ती करुरिया को गणतंत्र दिवस पर मिला साहित्यकोष सम्मान, मेडल, अवार्डी का स्मृति चिन्ह



**राजस्थान(अर्पित गुप्ता)।** गणतंत्र दिवस पर सिलिस्ती करुरिया को उनकी नॉवेल चमड़े का लुटेरा के लिए साहित्यकोष सम्मान 2021 मिला। सिलिस्ती करुरिया को मेडल, अवार्डी का स्मृति चिन्ह और बैज मिला। चमड़े का लुटेरा नॉवेल जो समाज के जमीनी स्तर के मुद्दों को दर्शाती है। सिलिस्ती करूरिया जो चमड़े का लुटेरा नॉवेल की लेखिका है, सिलिस्ती बनस्थली विद्यापीठ राजस्थान से बायोसाइंस में पीएचडी कर रही है। सिलिस्ती करुरिया राजस्थान के अजमेर, सावर शहर की रहने वाली है। सिलिस्ती करुरिया को चमड़े का लुटेरा उपन्यास को लेकर बहुत सारे अवार्ड से सम्मानित किया गया। चमड़े का लुटेरा उपन्यास को टॉप 100 डेब्यू नॉवेल के रूप में पूरे देश में प्रशंसा मिली। सिलिस्ती ने बहुत गहराई से सामाजिक पहलु को समझा और अपने लेखन से समाज की बुराईयो को दूर करने का प्रयत्न किया है ।



# भाजपा नेता योगेन्द्र सिंह पप्पू का ग्राम मुरावली में हुआ जोरदार स्वागत

**दबोह(अर्पित गुप्ता)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेन्द्र सिंह पप्पू आज अपने जनसम्पर्क के दौरान दबोह मंडल पहुचे जहाँ वह स्थानीय आयोजनों में शामिल हुए ।तदोपरांत ग्राम मुरावली पहुँचे जहाँ उन्होंने ग्रामवासियों से सम्पर्क किया। भाजपा नेता योगेन्द्र सिंह पप्पू के गांव आगमन पर बड़ी संख्या में उपस्थित उत्साहित लोगों ने उनका गर्मजोशी से गगनभेदी नारो के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के बीच अपने विचार व्यक्त करते हुए योगेन्द्र सिंह जी ने कहा कि आप सबका हमारे ऊपर जो स्नेह है वह हमारे लिए ऊर्जा रूपी संजीवनी है जिसकी ताकत मुझे सदैव प्रेरणा प्रदान करती है।इस अवसर मुकेश राणा, अशोक राठोर,रमेश राठोर, सुरेश कौरव, दयाशंकर पाल, सीताराम राठोर, उदयभान सिंह,रामसहाय राठोर, मूलचंद सिंह,संतोष बाबा,रामस्वरूप कुशवाह,कल्लू कुशवाह,सतीश कौरव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



## बिमार होने पर पत्नी की सेवा करने वाला पति क्या जोरू का गुलाम होता है



कहा जाता है कि पति-पत्नी एक दूसरे के पूरक है, और शादी का बंधन समान अधिकार देता है। तो फिर क्यूँ जब पत्नी पति का सर या पैर दबाती है तो सेवा का नाम दिया जाता है, और अगर पति पत्नी का सर या पैर दबाता है तो जोरू का गुलाम और न जाने क्या-क्या उपनाम दिए जाते है, ऐसी मानसिकता क्यूँ। जब पत्नी कार्येषु मंत्री, करणेषु दासी, भोज्येषु माता, शयनेषु रंभा बनकर पति के कदम से कदम मिलाकर संसार रथ की धुरी बनकर साथ देती है, तो पति क्यूँ पत्नी की तबियत खराब होने पर सर नहीं दबा सकता। सरल सहज और पत्नी का खयाल रखने वाले पति को सही में आदर्श पुरुष का उपनाम देना चाहिए जिसके दिल में औरत के प्रति सौहार्द भाव और अपने समकक्ष तुलना का भाव रहता है। सात फ़ेरे लेते वक्त हर फ़ेरे में पति आगे रहता है जो दर्शाता है कि ज़िंदगी में आने वाली हर विपदा से तुम्हारी रक्षा करूँगा तुम्हारा सम्मान करूँगा। आखरी फ़ेरा मोक्ष का है जिसमें पत्नी का यही भाव रहता है कि आपके तरफ़ बढ़ने वाली मृत्यु को आप तक पहुँचने से पहले मैं गले लगा लूँगी। पत्नी की सेवा करने वाले पति एक उदाहरण है मर्द की महानता का, जिसे निम्न सोच वाले कभी नहीं समझ पाएंगे। जैसे पत्नी के पैर दबाने वाला पुरुष जोरू का गुलाम नही होता वैसे ही पत्नी की भूल पर या गुस्से में अगर दो बोल बोल देता है तो निष्ठुर भी नहीं कहलाता। वो पति-पत्नी का आपसी मामला होता है गुस्सा शांत होते ही वही पति माफ़ी भी मांगता है। पत्नी अगर नौकरी करती है तब दोनों हर काम बांट लेते है तो क्या बुराई है। पत्नी भी इंसान है, थकती वो भी है। अगर पति ने एक कप कोफ़ी पिला दी तो कौनसा पहाड़ टूट पड़ेगा। कई माँओं को ये बात हज़्म नहीं होती की बेटा बहू का हाथ बंटाए। एक बेटा माँ के पैर दबाता है उसे गलत नहीं माना जाता तो पत्नी की परवाह करने पर क्यूँ चार बातें सुनाई जाती है। एक पति के भरोसे अपना बहुत कुछ छोड़ कर एक लड़की नई ज़िंदगी में कदम रखती है तब पति उसका ख़्याल नहीं रखेगा तो कौन रखेगा। इसी माँ को जब दामाद अपनी बेटी की ख़ातिरदारी करता है तो वो आदर्श दामाद लगता है, नांहि उसमें कोई बुराई लगती है। ऐसी दोहरी मानसिकता क्यूँ? हमने देखा है जब मजाक में भी कोई फेसबुक पर ऐसी कार्टून के तौर पर भी एक पति की अपनी पत्नी के पैर दबाने वाली पिक कोई ड़ालता है तब पुरुष को लताड़ ने वाली एक से कमेन्टस होती है, कोई भी इस बात को सहज नहीं लेता। यही मानसिकता साबित करती है कि समाज की सोच कितनी निम्न और पिछड़ी हुई है। ये बात भी पितृसत्तात्मक वाली श्रेणी में आती है, क्यूँकि मतलब तो यही हुआ कि पत्नी का वजूद कोई मायने नहीं रखता, पत्नी बिमारी में तड़पती है तड़पने दो। दर असल पत्नी का दमन करने वाला, बात-बात पर ताने मारने वाला और पत्नी की परवाह न करने वाला पति नपुंसक है। स्त्री को सम्मान और प्यार से रखने वाले पति ही सही मायने में असली मर्द है, तारिफ़ के काबिल है, पति कहलाने के हकदार है। क्यूँकि पति का मतलब आधिपत्य जमाने वाला नहीं पत्नी का कदम-कदम पर साथ देना और रक्षा करना होता है।

(भावना ठाकर, बेंगुलूरु)प्रभावु

# समता, स्वतंत्रता और न्याय पर परखें

डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सागर विश्वविद्यालय में दीक्षांत भाषण देने आए थे। वह आठ-दस दिनों बाद ही राष्ट्रपति पद ग्रहण करने वाले थे। अपना देश गणतंत्र घोषित होने वाला था। तब मेरे पिता उस विश्वविद्यालय में अधिकारी थे, उनकी ड्यूटी डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की देखभाल में लगी थी। भावी राष्ट्रपति सर्किट हाउस में रुके थे, जो हमारे घर से ज्यादा दूर नहीं था, तो मैं पिता के साथ चला गया। हम सर्किट हाउस पहुंचे, तो वह अपने कमरे में नहीं थे। चौकीदार ने बताया कि लॉन में बैठे हैं। हम वहां गए, तो हमने देखा कि वह अपनी बंडी के बटन कस रहे थे। जो दस दिन बाद भारत के राष्ट्रपति होने वाले हैं, वह बंडी के बटन कस रहे हैं। उन्होंने मेरे पिता को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने देखा, बटन झूल गया है। दीक्षांत समारोह में ऐसे तो नहीं जाना चाहिए, इसलिए मैं इसे ठीक कर रहा हूं। मेरे मन में पहला प्रभाव यही पड़ा कि यह भारतीय गणतंत्र गांधी से चली आ रही जो सादगी है, साधारण नागरिक की जो गरिमा है, उसे पहचानने का एक तरीका या व्यवस्था बनेगा। तब स्कूलों में बहुत धूमधाम से हमने गणतंत्र दिवस मनाया था और मैंने अपनी पहली तुकबंदी भी उसी दौरान गणतंत्र की अभ्यर्थना में लिखी थी। इसके दो साल बाद जवाहरलाल नेहरू आए थे, सागर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन का शिलान्यास करने। उस शहर में परिवर्तन यह आया कि सड़कें दुरुस्त कर दी गईं, क्योंकि प्रधानमंत्री की सवारी निकलनी थी। उस समय सामान्य लोगों और नेताओं के बीच दूरी बहुत कम थी। ज्यादातर नेताओं के बारे में यह संदेह भी नहीं होता था कि ये दबे-छिपे कोई गड़बड़ भी करते होंगे। एक तरह की सादगी, पारदर्शिता थी, खुला जीवन था, उनके आपस में झगड़े होते होंगे, लेकिन उनके बारे में आम धारणा यही थी कि समझदार और संवेदनशील लोग हैं। नेताओं के बारे में तब वैसी धारणा नहीं थी, जैसी अब है। उन तक अपनी बात पहुंचाना ज्यादा आसान था। जब मैं नौवीं कक्षा में था, तब विश्व-शांति को लेकर खूब चर्चा थी, एटम बम विस्फोट हुआ था। उस वक्त मैंने प्रधानमंत्री नेहरू को एक चिट्ठी लिखी थी कि हमें शांति के लिए प्रयत्न करने चाहिए। उनका जवाब आया कि जो मुद्दा तुमने उठाया, वह ठीक है, मगर इस वक्त तुमको अपना ध्यान पढ़ाई पर लगाना चाहिए। मैंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रूमन को भी चिट्ठी लिखी थी कि आपको शांति के लिए प्रयत्न करने चाहिए। जवाब में ह्वाइट हाउस से एक बड़ा पार्सल आया, जिसमें दुनिया भर के बहुत सारे नक्शों का संग्रह था। तब के नेता लोगों की बहुत परवाह करते थे। एक अलग ही उत्साह होता था। गणतंत्र दिवस या स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों में हम लोग बहुत उत्साह से शामिल होते थे। आज लोक बदला है। लोक में संकीर्णता, घृणा भाव, भेदभाव बढ़ गए हैं। तंत्र तो मानो स्वेच्छाचार को चलाने वाली मशीन बन गया है। वैसे लोकतंत्र में लोक और तंत्र के बीच तनाव रहता है, और यह तनाव लगभग अनिवार्य है, तंत्र का काम है व्यवस्था बनाए रखना और लोक का काम है उस व्यवस्था को बदलना, तो तनाव होगा ही। हजारों किसान दो महीने से राजधानी की सीमा पर बैठे हैं, लेकिन तंत्र उनकी बात मानने को तैयार नहीं है। जवाहरलाल नेहरू या सरदार पटेल की धारणा थी कि एक स्थाई तंत्र देश को अराजक होने से बचाएगा, एक समय तंत्र ने इस भूमिका का निर्वहन भी किया, लेकिन धीरे-धीरे वह राजनीतिक, आर्थिक रूप से भ्रष्ट हो गया। लोक से किए वादे पूरे नहीं हो पा रहे हैं। तंत्र में भी अपवाद हैं, अच्छे लोग भी हैं, लेकिन समग्रता में तंत्र में न वैसा साहस है, न वैसी सहनशीलता, वह अनेक बार गलत चीजों का बचाव करने लगता है। खासकर हिंदीभाषी अंचल में नागरिक समाज ढंग से विकसित ही नहीं हुआ। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, बंगाल, असम में फिर भी नागरिक समाज है, लेकिन हिंदी समाज के ज्यादातर विश्वविद्यालय ध्वस्त हैं, ज्यादातर शैक्षणिक संस्थाएं और अध्यापक या तो राम भरोसे हैं या राज भरोसे। हिंदी समाज को कोई परवाह नहीं। क्या हिंदी इस समय धर्मांधता, घृणा, भेदभाव और झगड़े की भाषा बनकर रह गई है? हिंदी साहित्य की जो परंपरा थी, उसे आम हिंदी समाज ने मानो रौंद डाला है। आज गणतंत्र में सुधार के लिए छोटे-छोटे परिवर्तनों की जरूरत है, लेकिन यह इतना बड़ा देश है कि बड़ा परिवर्तन न हो, तो कैसे होगा, शंका स्वाभाविक है। छोटे-छोटे सत्याग्रहों से भी एक बड़ा बदलाव हो सकता है। राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक, न्यायिक सुधार के लिए लोक को ही आगे आना होगा। किसान आंदोलन का इस मायने में भी खास महत्व है, यह सफल हो या विफल। किसानों ने संगठित राजनीतिक तंत्र से अलग रहकर आंदोलन किया है। इस आंदोलन ने बता दिया है कि लोक अभी भी तंत्र को दबाव में ला सकता है। लोकतांत्रिक और नैतिक दबाव जरूरी है। सारी दुनिया के किसान देख रहे होंगे कि भारत के किसान क्या कर रहे हैं, जिन मुद्दों को इन किसानों ने उठाया है, वे सारी दुनिया में हैं। इसी तरह के प्रयत्न पर्यावरण, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में भी करने की जरूरत है। लोक अपने को फिर मजबूती से स्थापित करने के लिए समय तो लेगा। आज हर चीज का कॉरपोरेटीकरण हो रहा है। तंत्र में बैठे लोगों को क्या यह दिखाई नहीं पड़ रहा है कि अगर हमारी सार्वजनिक संस्थाएं, व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गईं, तो बचेगा क्या, हम सब बिकाऊ हो जाएंगे? सुधार की जरूरत है। लोकतंत्र तो अपने को लगातार संशोधित करने वाली प्रक्रिया है। और हमने संविधान को अनेक बार संशोधित किया है। संविधान की बुनियादी मान्यता है कि भारत में हर व्यक्ति नागरिक है। दूसरा, हर नागरिक को स्वतंत्रता, समता और न्याय का अधिकार है। इसे ध्यान में रखकर जांचना शुरू करें कि आखिर जो कुछ हो रहा है, क्या वह हमारी स्वतंत्रता बढ़ाता है या उसे बाधित करता है, सिकोड़ता है? जो कुछ हो रहा है, क्या वह समता फैला रहा है? क्या जो हो रहा है, वह विषमता बढ़ाकर समता को रौंद रहा है? तीसरा, न्याय के नाम पर जो हो रहा है, क्या वह न्याय है? हममें से हर एक नागरिक को इन तीन आधारों पर अपने गणतंत्र को जांचना चाहिए। वे सुधार, जो समता बढ़ाएं, जो स्वतंत्रता का भूगोल बढ़ाएं, जो न्याय को अधिक सजग, संवेदनशील, मानवीय और सच्चा बनाएं, उनका स्वागत है।

## नज़्म



बैठे- बैठे खुदा का गुणगान किजिए,
हिन्दुस्तानी होने का अभिमान कीजिए।
अपनाइयत की खुशबू फैलेगी हर तरफ,
छोटों को स्नेह बड़ों का सम्मान कीजिए।
आप शिखर पर पहुंच गए तो क्या कहने,
मगर जमीन वालों का न अपमान किजिए।
बड़प्पन का एक ही पहचान है दोस्तों,
व्यवहार हर एक से समान कीजिए।
बेआवाज लाठी की मार पड़ेगी दोस्तों,
बेखता न किसी के सर इल्जाम कीजिए।
एक ही तो मालिक है इस संसार में,
बेवजह ना राम, रहमान कीजिए।
सर उठाकर नजरें दौड़ाइए दोस्तओ,
अच्छे बुरे की अब तो पहचान कीजिए।

नूरफातिमा खातून नूरी( शिक्षिका)
**जिला-कुशीनगर**
**मौलिक/स्वरचित**

## समय का पहिया



हालात बयां न होंगे
आई पूस की रात ,
चूल्हा चकिया भी ठंडा
कैसे कटेगी रात 7
रोज सवेरे शाम वही
लेता प्रभु का नाम ,
फिर भी वक्त नही मानो
अब मानवता के साथ 7
खूब उजाले गुजर गये
बहुत अंधेरे हैं बाकी ,
ये जीवन रसधार है
नीरस अस्वादन बाकी 7
हालात बयां जो न हुए
क्या समझे तुम यार?,
ये जीवन एक बसंत है
पतझड़ भी आया यार 7
आज पूस रात जो
कल सावन घर द्वार,
आज बयां जो न हुआ
कल खूब बयां घर यार 7

**कवि कुमार प्रिंस रस्तोगी**
**लखनऊ,उत्तर प्रदेश**

## विधाता की लीला



विधाता की यह कैसी लीला
देख मयूरा भी हो गया पीला
मध-मस्त मगन हो नाचे ऐसे
जैसे हो मेरा श्याम छबीला
इंद्रधनुष में रंग होते सात ,
बनवारी के है सब हाथ।।
भोर का रंग श्याम सा नीला
आठों पहर प्रभु की लीला
कहीं काजल सी रात है काली
कहीं दिन में भी बरसात निराली
विधाता की यह कैसी लीला
बिन दोनों हाथ बजे न ताली।।
अब तो प्रभु कोई चक्र चलाओ
त्रेता युग से सुदर्शन ले आओ
धर्म की रक्षा करने हेतु गिरधारी
कलयुग में कल्कि बन प्रभु आओ
भूल चुके है जो धर्म-कर्म को
उनको आकर मार्ग दिखाओ
विधाता की यह कैसी लीला
ईश्वर ने भी लिख डाली गीता।।

**प्रतिभा दुबे स्वतंत्र लेखिका**
**ग्वालियर मध्य प्रदेश**

# विचारों की शक्ति

कृतज्ञ व्यक्ति सभी परिस्थितियों में कृतज्ञ होता है। चाहे संबंधों की उलझन हो आर्थिक दबाव हो या स्वास्थ्य की गड़बड़ी हो या नौकरी की कोई भी समस्या हो। लंबे समय तक कर्तव्य की कमी के कारण नकारात्मकता परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। यदि हम अपने जीवन की हर एक चीज के लिए कृतज्ञ नहीं है तो समझ लीजिए कि अनजाने में ही सही हम उन चीजों को नजरअंदाज कर रहे हैं जो हमारे जीवन में है। चीजों को नजरअंदाज करना ही नकारात्मक का एक प्रमुख कारण है क्योंकि जब हम चीजों को नजरअंदाज करते हैं तो हम बदले में धन्यवाद नहीं दे रहे और उनके फल स्वरुप अपने जीवन में चमत्कार को सक्रिय होने से रोक रहे हैं। जिस तरह दूसरों को धन्यवाद देने से हमारे जीवन में हमेशा ही चमत्कार भरता है उसी तरह चीजों को नजरअंदाज करने से हमारे जीवन में चमत्कार कम हो जाता है। चीजों को मामूली समझने का परिणाम होता है शिकायत, नकारात्मक विचार और नकारात्मक शब्द इसलिए जब आप शिकायत करते हो तो आकर्षण का नियम आपके जीवन में और अधिक नकारात्मक चीजें ले आता है जिनके बारे में आप शिकायत करते हैं। अब आप को समझना होगा शिकायत करने से नकारात्मक विचार सोचने से या नकारात्मक शब्द बोलने से और चीजों को नजरअंदाज करने से आपके जीवन में अच्छी चीजों का प्रवाह रुक जाता है अब आप समझ चुके हैं कि कोई भी चीज बहुत गलत होती है तो इसका अर्थ है कि आप ने अनजाने में ही उसके बारे में नकारात्मक सोचा है या आप उसके लिए कृतज्ञ नहीं हो। अब आपको करना क्या है आपको एक ही चीज करनी है कि आपने किसी भी चीज की आलोचना नहीं करनी चाहे वह पैसा हो नौकरी हो,स्वास्थ्य हो, कोई व्यक्ति हो या कुछ भी हो जब हम किसी चीज के बारे में अस्वस्थ बातें बोलते हैं तो वह चीज हमारे जीवन में असंभव हो जाती है। आइए उठे और सकारात्मक बातें करते है ।क्योंकि आज हमने बहुत नहीं सीखा तो कम से कम कुछ तो सीखा है और यदि हमने कुछ नहीं सीखा तो कम से कम हम बीमार तो नहीं पढ़े अगर हम बीमार पड़ गए तो कम से कम हम मरे तो नहीं। इसलिए आइए हम इन सब चीजों के लिए कृतज्ञ हूं जो हमारे जीवन में है। महात्मा बुध के इन्हीं शब्दों को अपनी प्रेरणा बना ले आज ही अपने जीवन की किसी ऐसी समस्या या नकारात्मक परिस्थिति को ले चाहे वह कैसी भी



हो पैसे की कमी, स्वास्थ्य की कमी,गरीबी,दुख, चिंता कुछ भी हो बस आपको क्या करना होगा उसके बारे में नकारात्मक नहीं सोचना। मुश्किल है पर नामुमकिन नहीं ।कृतज्ञ होने के लिए 10 चीजों की तलाश करें मैं जानती हूं इस अभ्यास को शुरू करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है परंतु नामुमकिन नहीं है। अपनी उन 10 चीजों की सूची बनाएं जिनके लिए आप भगवान का शुकराना करना चाहते हैं और उन 10 चीजों की सूची बनाएं जिनको आप अपने जीवन में लाना चाहते हैं। आप ही अपने जीवन के निर्माता हो। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन हैं आप कहां हैं,क्या आपका वर्तमान है, आपकी स्थिति क्या है, बस आपको कृतज्ञ होना है। कृतज्ञ का चमत्कार आपके पूरे जीवन को बदल सकता है। हमारी सबसे बड़ी भूल क्या है हम नकारात्मक चीजों के प्रति ज्यादा सोचते हैं जैसे कि हम बीमार हैं,हमारे पास पैसा कम है मैं कमजोर हूं, मैं सुंदर नहीं हूं व भगवान मुझसे नाराज हैं ऐसे कई चीजें हम बोलते हैं। जो हमें नकारात्मकता या असफलता की ओर ले जाती हैं इसी चीज को हम डिप्रेशन या मानसिक स्थिति या मानसिक बीमारी का नाम दे देते हैं। जीवन में हर चीज संभव है असंभव कुछ भी नहीं है हमें बस एक ही काम करना है हमें अपने विचारों को सकारात्मकता की सड़क पर लेकर आना है और नकारात्मकता के पहाड़ को पार करना है। आज के युग में यह कहना आसान है कि हम बिना नकारात्मक विचारों के नहीं रह सकते क्योंकि हमारे आस पास इतनी नकारात्मकता आ चुकी हुई है कि हम ना चाह कर भी उन विचारों में बह जाते हैं पर इन से दूर जाना है,इन से पार पाना है।हमारे लिए बहुत ही संभव है हमें कुछ नहीं करना सकारात्मक विचारों को सोचना है अच्छी किताबें पढ़नी है अच्छी चीजों को देखना है और हो सके तो मेडिटेशन करना चाहिए। हमें हर चीज में चाहे वह बुरी से भी बुरी क्यों ना हो उसमें भी सही को ढूंढना है। महात्मा बुध कहते हैं आपके विचार आपके जीवन के निर्माता हैं क्योंकि हम ही अपने विचार बदल के अपने जीवन की दिशा और दशा को भी बदल सकते हैं।आपको बस इतना ही करना है आज से ही दो चमत्कारी शब्दों का अभ्यास करना है धन्यवाद और कृतज्ञ क्योंकि जैसे लोहा लोहे को काटता है ,हीरा हीरे को काटता है, प्यार प्यार को पैदा करता है वैसे ही नकारात्मक विचार नकारात्मकता को पैदा करते हैं तो आपको अपने विचार सकारात्मक करने हैं सही सोच रखनी है।

**पायल बेदी**
**अंबाला**

**गणपति बप्पा को लाल सिंदूर बहुत पसंद होता है. भगवान गणेश को स्नान कराने के बाद उन्हें लाल सिंदूर लगाना चाहिए. गणपति बप्पा को लाल सिंदूर बहुत पसंद होता है. भगवान गणेश को स्नान कराने के बाद उन्हें लाल सिंदूर लगाना चाहिए।**



# बुधवार को ऐसे करें भगवान गणेश की आराधना



गणपति को दूर्वा अति प्रिय है। बुधवार के दिन गणेश जी की पूजा में उन्हें दूर्वा जरूर चढ़ानी चाहिए। ऐसा करने से गणेश भगवान का आशीर्वाद भक्तों को प्राप्त होता है। हिंदू शास्त्रों में बुधवार का दिन गणपति बप्पा का बताया गया है। इसलिए बुधवार के दिन भगवान गणेश को खुश करने के लिए उनकी आराधना की जाती है। इस दिन उनकी पूजा करने से जातकों के सारे संकट दूर हो जाते हैं। गणपति बप्पा सभी देवों में सर्वप्रथम पूजनीय हैं। हर एक पूजा से पहले उनकी पूजा होती है तभी वह पूजा मान्य होती है। लेकिन गणपति बप्पा की पूजा में कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। आइए जानते हैं बुधवार के दिन भगवान गणेश पूजा में किन बातों का रखना चाहिए।

### पूजा में गणेश जी को जरूर चढ़ाएं दुर्वा

गणपति बप्पा को दूर्वा अति प्रिय है। बुधवार के दिन गणेश जी की पूजा में उन्हें दूर्वा जरूर चढ़ानी चाहिए। ऐसा करने से गणेश भगवान का आशीर्वाद भक्तों को प्राप्त होता है।

### मोदक का लगाएं भोग

गणेश भगवान को मोदक का भोग जरूर लगाना चाहिए। मोदक गणेश भगवान को अति प्रिय है। ऐसे में बुधवार के दिन गणेश भगवान की पूजा में उन्हें मोदक जरूर चढ़ाना चाहिए।

### भगवान गणेश को लाल फूल चढ़ाएं

भगवान गणेश को लाल फूल चढ़ाने चाहिए। अगर लाल फूल चढ़ाना संभव नहीं है तो आप कोई और फूल भी चढ़ा सकते हैं। बस इस बात का ध्यान रखें भगवान गणेश की पूजा में तुलसी का इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

### गणपति को प्रिय है लाल सिंदूर

गणपति बप्पा को लाल सिंदूर बहुत पसंद होता है। भगवान गणेश को स्नान कराने के बाद उन्हें लाल सिंदूर लगाना चाहिए। उसके बाद अपने माथे में भी लाल सिंदूर का तिलक लगाएं। ऐसा आप हर रोज भी कर सकते हैं। भगवान गणेश के आशीर्वाद से आपको हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी।

### इस मंत्र का करें जाप

गणेश भगवान आर्थिक क्षेत्र में आने वाली परेशानी और विघ्न से रक्षा करते हैं। गणेश जी को सिंदूर चढ़ाते समय यह मंत्र बोलें- 'सिन्दूरं शोभनं रक्तं सौभाग्यं सुखवर्धनम। शुभदं कामदं चैव सिन्दूरं प्रतिगृह्यताम॥ ऊँ गं गणपतये नम

# जरीन खान का दर्द

## कटरीना कैफ से तुलना के चलते किया मुश्किलों का सामना



बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान ने कहा, बॉलीवुड में एंट्री करने से पहले, हर कोई मुझसे कहता था कि मैं अपनी मां की तरह दिखती हूं। फिर यहां आने के बाद ही मुझे पता चला कि मैं कटरीना जैसी भी दिखती हूं और ये बॉलीवुड में मेरी एकमात्र पहचान बन गई है। उन्होंने ये भी कहा, लोगों को मेरे बारे में अपनी राय बनाने का मौका नहीं दिया गया क्योंकि वीर की रिलीज से पहले ही लोगों के दिमाग में कटरीना-एंगल बैठ गया था। जरीन का मानना है कि कटरीना कैफ कि तरह दिखने की वजह से उनके करियर में काफी मुश्किलें आई हैं।

### जरीन ने कहा मेरा चेहरा यूनिवर्सल है

जरीन ने कहा, लोग अपनी पहचान बनाने के लिए इंडस्ट्री में आते हैं न कि किसी और की तरह बनने के लिए। मैंने 11 साल तक बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के लिए स्ट्रगल किया है। लेकिन आज भी लोग मुझे बॉलीवुड में कटरीना जैसी दिखने वाली के रूप में टैग करते हैं। अगर मैं इस इंडस्ट्री में न होती, तो मुझे ये सुनकर बहुत खुशी होती कि मैं कटरीना कैफ की तरह दिखती हूं क्योंकि वो बहुत सुंदर हैं। जरीन ने खुलासा किया कि उनके अपीयरेंस को बॉलीवुड के अन्य सितारों से भी तुलना किया गया है। कुछ लोग मुझे पूजा भट्ट से मिलती-जुलती कहते हैं, तो कुछ प्रीति जिंटा की तरह कहते हैं, तो वहीं कुछ लोग सनी लियोन की डुप्लीकेट भी कहते हैं। उन्होंने ने कहा, मुझे लगता है कि मेरा चेहरा यूनिवर्सल है और मैं बहुत लोगों की तरह दिखती हूं। जरीन ने चुटकी लेते हुए ये भी कहा मुझे ये नहीं समझ आता है कि लोगों को मैं जरीन खान की तरह क्यों नहीं दिखती हूं

### बताया डुप्लीकेट के साथ कोई काम नहीं करना चाहता



जरीन ने कहा कि, स्नेहा उल्लाल, जिन्हें सलमान खान ने फिल्म लकी में लॉन्च किया था। उनको उस समय ऐश्वर्या राय की डुप्लीकेट कहा जा रहा था और इसने उनके करियर को बर्बाद कर दिया था। अमीषा पटेल को अमृता सिंह से मिलता जुलता कहा गया था और हरमन बावेजा को ऋतिक रोशन के डुप्लिकेट का टैग दिया गया था। कोई भी बॉलीवुड में किसी की डुप्लीकेट बन कर नहीं रहना चाहता है और फिल्म मेकर्स भी डुप्लीकेट के साथ काम नहीं करना चाहते हैं।

### 2010 में की करियर की शुरूआत

जरीन ने 2010 में फिल्म वीर से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने फिल्म वीर में सलमान खान के अपोजिट काम किया था जो कि उस समय की सुपरहिट फिल्मों में से एक थी। बाद में, वे हेट स्टोरी 3, हाउसफुल 2, अक्सार 2 और वाजाह तुम हो जैसी फिल्मों में नजर आईं।

# अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली ने ट्रोल को दिया मुंहतोड़ जवाब



अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली ने ट्रोल को दिया मुंहतोड़ जवाब, जानें- क्या है पूरा मामला

अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली अकसर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अपने बारे में अकसर तमाम जानकारियां फॉलोअर्स से साझा करती रहती हैं। नव्या ने हाल ही में नवेली के नाम से एक प्रोजेक्ट की शुरूआत की है। इसे लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर काफी सराहना मिल रही है। वहीं कई बार उन्हें ट्रोल्स का भी सामना करना पड़ा है। ऐसे ही एक ट्रोल को नव्या नवेली ने करारा जवाब दिया है। दरअसल नवेली प्रोजेक्ट के ऑफिशियल पेज से नव्या ने लिखा था, नवेली प्रोजेक्ट के जरिए हम भारत में जेंडर गैप को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके जरिए हम महिलाओं की संसाधनों और अवसरों तक समान पहुंच सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे। यह आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण के लिए होगा। उनकी इस पोस्ट पर तमाम यूजर्स ने नव्या नवेली की सराहना की है, लेकिन कुछ यूजर्स ने उन्हें ट्रोल भी किया। ऐसे ही एक यूजर्स ने लिखा है, पहले तुम्हें ही नौकरी की जरूरत है। फिर तुम यह सब कुछ कर सकती हो। इस पर नव्या ने यूजर को करारा जवाब देते हुए लिखा है, मेरे पास वास्तव में काम है। इसके साथ ही उन्होंने अपने कॉमेंट में हार्ट इमोजी भी पोस्ट किया है। नव्या नवेली आरा हेल्थ की सह-संस्थापक भी हैं। यह एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मसले पर काम करता है। पिछले दिनों इंस्टाग्राम लाइव के दौरान नव्या नवेली ने बताया था कि कैसे महिलाओं को इंडस्ट्री में कम आंका जाता है और लड़की होने के चलते उन्हें भी इसका खामियाजा उठाना पड़ रहा है। नव्या नवेली ने कहा था, जब आप लोगों से मिलने जाते हैं तो फिर आपको खुद को प्रूव करना पड़ता है। इसकी वजह यह है कि पूरी इंडस्ट्री ही पुरुष प्रधान है। यही नहीं नव्या नवेली ने कहा था कि वह जब अपने काम के सिलसिले में किसी वेंडर या फिर डॉक्टर से बात करती हैं तो ऐसा लगता है कि जैसे वह गंभीरता से नहीं ले रहा है और बात करके एक तरह से दया कर रहा है। नव्या नवेली अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता बच्चन और कारोबारी निखिल नंदा की बेटी हैं। निखिल नंदा एस्कॉर्ट्स ग्रुप के सीईओ हैं। पिछले दिनों ही उन्हें भारत के बेस्ट सीईओ के खिताब से नवाजा गया था।



# किराना का सामान खरीदने पर ट्रोल हुईं दीपिका पादुकोण

एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण शुक्रवार को किराना का सामान लेती नजर आई थीं। यूं तो एक सिलेब्रिटी का आम आदमी की तरह जरूरी कामों को करना अच्छी बात है, लेकिन इसे लेकर कुछ लोग उन्हें ट्रोल करने लगे। एक यूजर ने जेएनयू के मसले से इसे जोड़ते हुए कहा है कि यह उनका पीआर स्टंट है। यूजर ने ट्विटर पर लिखा है, दीपिका पादुकोण खाना भी खाती है तो पीआर के साथ खाती है। हद है। एक अन्य यूजर ने लिखा है, फ्लॉप फिल्म करो, जेएनयू जाओ। फिर यही दिन आएंगे, जब सामान खरीदने का भी मीडिया कवरेज कराना पड़ेगा आपको दीपिका पादुकोण।

वहीं एक यूजर ने दीपिका पादुकोण को ट्रोल करते हुए पूछा है कि टमाटर का क्या भाव है एक तरफ कुछ यूजर उन्हें ट्रोल करते दिखे तो कुछ लोग यह कहते दिखे कि शायद दीपिका पादुकोण पति के लिए कोई विशेष डिश तैयार करने वाली हैं। दरअसल दीपिका पादुकोण शुक्रवार को एक शॉपिंग मॉल के बाहर ग्रॉसरी की खरीद के बाद नजर आई थीं। इस दौरान उनके हाथ में कुछ कैरी बैग भी थे। इसके बाद वह पति रणवीर सिंह के साथ डिनर करती हुई एक रेस्तरां में दिखी थीं। दीपिका पादुकोण ने हाल ही में इंस्टाग्राम, ट्विटर समेत सोशल मीडिया से अपनी सभी पुरानी पोस्ट्स को हटा दिया था। इसके बाद से वह अब एक ऑडियो डायरी के नाम से कार्यक्रम कर रही हैं। पेशवर तौर पर बात करें तो दीपिका पादुकोण फिलहाल पठान मूवी की शूटिंग में बिजी हैं। इस ऐक्शन मूवी में उनके साथ एक्टर शाहरुख खान नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वह एक और फिल्म कर रही हैं, जिसमें वह अमिताभ बच्चन और बाहुबली फेम एक्टर प्रभास के साथ नजर आने वाली हैं। एक इंटरव्यू में दीपिका पादुकोण ने घरेलू कामों को लेकर कहा था कि मेरी जिंदगी भी किसी आम इंसान सरीखी है और वह अपने सारे काम खुद ही करना पसंद करती हैं। दीपिका पादुकोण ने कहा था कि उनके पति रणवीर सिंह अकसर कहते हैं कि वह ऐसा क्यों करती हैं, लेकिन मुझे खुद से काम करना पसंद है।

# मगरमच्छ को खाना खिलाती दिखीं उर्वशी रौतेला

**बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपनी हॉट तस्वीरों और वीडियोज के चलते सोशल मीडिया पर छाई रहती है। अपनी खूबसूरती से लोगों को अपना दीवाना बना चुकी उर्वशी आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती है ।**




हाल ही में सोशल मीडिया पर उर्वशी का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह मगरमच्छ को खाना खिलाती नजर आ रही है । बता दें यह वीडियो तब का है जब वह दुबई पहुंची थी । उर्वशी ने खुद अपने फैंस के साथ इस वीडियो को शेयर किया है , और इस वीडियो के कैप्शन में सभी को धन्यवाद कहा है । दरअसल उर्वशी के इंस्टाग्राम पर 34 मिलीयन से ज्यादा फॉलोअर्स हो चुके हैं। साथ ही अपने कैप्शन में उर्वशी ने बताया कि जब वह मगरमच्छ की स्टडी करने पहुंची तो उन्होंने सबसे बड़े मगरमच्छ को खाना भी खिलाया था । यह वीडियो उसी दौरान का है जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वैसे मगरमच्छ को खाना खिलाते हुए उर्वशी के चेहरे पर थोड़ा सा डर जरूर नजर आ रहा है , लेकिन ये डर उन्हें किसी भी काम को करने से नहीं रोक सकता । जैसे कि सब जानते हैं उर्वशी अपने सोशल मीडिया के जरिए अपनी जिंदगी में हुए एडवेंचर किस्से अपने फैंस के साथ शेयर करती नजर आती है । और उनकी यही एडवेंचरस ज़िन्दगी लोगों को खूब पसंद भी आती है । वही बात करें उर्वशी के वर्कफ्रंट की तो बता दें उर्वशी ने हाल ही में बिलेनियर मुकेश अंबानी के जियो स्टूडियोज के साथ तीन फिल्मों को साइन किया। मल्टी टेलेंटेड एक्ट्रेस उर्वशी जल्द ही एक लड़की भीगी भागी सी के रीमेक सॉन्ग में दिखाई देने वाली हैं।

# श्रेयस तलपड़े ने परिवार और दोस्तों संग मनाया जन्मदिन

अभिनेता श्रेयस तलपड़े ने अपना जन्मदिन परिवार और दोस्तों के साथ मनाया है। श्रेयस का कहना है कि आमतौर पर मैं अपना जन्मदिन काम करके मनाता हूं, लेकिन इस बार कुछ अलग तरीके से मना रहा हूं। मैं अपना जन्मदिन परिवार और दोस्तों के साथ बिता रहा हूं। (बेटी) आध्या के बड़े होने के साथ ही सभी प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। अभिनेता अपने छोटी बच्ची की फोटो या वीडियो पोस्ट नहीं करते हैं, लेकिन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर बच्ची की तिरंगा पकड़े हुए एक तस्वीर साझा की। उन्होंने फोटो के साथ लिखा कि राइट एट द टॉप ।। यहीं से हमारा तिरंगा बिलांग करता है। गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं। नए साल के बारे में भी उन्होंने लिखा कि 2021 मेरे लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष है, क्योंकि मैं नाइन रस को विशेष रूप से थिएटर और प्रदर्शन कला के लिए एक ओटीटी मंच लॉन्च करूंगा।



# महा समुंद्रम की रिलीज डेट का हुआ ऐलान, पहली बार एक साथ दिखेंगे अदिति, सिद्धार्थ और शारवानंद




हैदरी, सिद्धार्थ और शारवानंद के फैन्स के लिए खुशखबरी सामने आई है। तेलुगू फिल्म महा समुद्रम की रिलीज डेट का आज आधिकारिक ऐलान कर दिया गया है। महा समुद्रम इस साल 19 अगस्त को रिलीज होगी। रिलीज डेट के सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैन्स ने अपनी खुशी जाहिर करना शुरू कर दिया है। महा समुद्रम के प्रोड्यूसर अनिल ने एक ट्वीट करते हुए लिखा, मुझसे हमेशा लोग पूछते थे कि आखिर अभी तक मैंने कोई लव स्टोरी बेस्ड फिल्म क्यों नहीं प्रोड्यूस की। तो लीजिए आज मैं आप सभी के सामने पेश करता हूं, लव एक्शनर फिल्म महा समुद्रम, जो 19 अगस्त 2021 को धमाका करेगी। बता दें कि फिल्म का निर्देशन अजय भूपति कर रहे हैं। याद दिला दें कि इस फिल्म से करीब आठ साल के बाद सिद्धार्थ तेलुगू सिनेमा में वापसी कर रहे हैं, ऐसे में यह फिल्म फैन्स के लिए और भी अधिक खास हो जाती है। वहीं पहली बार फिल्म में सिद्धार्थ और शारवानंद एक साथ नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में सिद्धार्थ निगेटिव किरदार में नजर आ सकते हैं। कुछ वक्त पहले फिल्म के निर्देशक ने एक बयान में कहा था कि सिद्धार्थ लंबे वक्त से तेलुगू सिनेमा में वापसी के लिए एक अच्छी कहानी ढूंढ रहे थे और आखिरकार उन्हें वो मिल गई। गौरतलब है कि करीब 8 साल बाद तेलुगू सिनेमा में वापसी कर रहे सिद्धार्थ आखिरी बार तमिल- हॉरर फिल्म अरुवम में दिखे थे, जिसमें उन्होंने फूड सेफ्टी ऑफिसर का किरदार निभाया था। वहीं सिद्धार्थ के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में कमल हासन, रकुल प्रीत सिंह और काजल अग्रवाल स्टारर इंडियन 2 भी शामिल है।

# लाल रंग के मोनोकिनी में नजर आईं सलमा हायेक

हॉलीवुड अभिनेत्री सलमा हायेक ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक नई तस्वीर साझा की। इस तस्वरी में वह लाल रंग की मोनोकिनी में नजर आ रही हैं। तस्वीर में सलमा एक ओवर-वाटर झूला में आराम करती और स्विमिंग सूट में अपने कर्व्स को फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के कैप्शन में सलमा ने लिखा कि संडे वाइब्स। बता दें कि सलमा की उम्र 54 साल है, जो उनके लिए सिर्फ एक संख्या है। वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमा अगली बार द एटरनल्स में दिखाई देंगी, जिसमें एंजेलिना जोली, मैडेन, किट हैरिंगटन, कुमैल ननजियानी, लॉरेन रिडालॉफ, ब्रायन टायर हेनरी, बैरी केओघन और डॉन ली भी हैं।

# कैमरे के सामने पोज देते दिखे पुलकित सम्राट

अभिनेता पुलकित सम्राट ने सोशल मीडिया पर एक नया पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने अपने फैंस को सेल्फ लव के बारे में बताया है। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में वह कैमरे के सामने पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। शेयर तस्वीर को कैप्शन देते हुए उन्होंने लिखा कि आंखों में सब कुछ देख सकते हैं, लेकिन आंखों के माध्यम से सब कुछ नहीं। अपने दिल की सुनते रहें, सच अपने आप ही महसूस होने लगेगा। सुबह का कार्डियो मेरा समय है। इस दौरान कोई फोन नहीं, खटखटाहट नहीं और कोई रुकावट नहीं। उन्होंने आगे लिखा कि अजीब विचार हमें परेशान करते हैं और मैं उसको खुद पर हावी नहीं होने देता, जो मुझको अलग बनाता है। दिल चलता है और दिमाग थमता है। तब ही तो अपुन को ये दिन जमता है। हैशटैग सेल्फ लव।

# शिल्पा ने बताया तनाव दूर करने का उपाय

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने तनाव दूर करने के योग टिप्स बताए हैं। हाल ही में शिल्पा ने ट्विटर पर एक वीडियो साझा किया है। इस तस्वीर में वह नौकासन नामक आसन करते हुए नजर आ रही हैं। उन्होंने कूल्हे जोड़ों और पैरों की कोर ताकत और लचीलेपन में सुधार करने के लिए सही योग का सुझाव दिया। वीडियो को कैप्शन देते हुए उन्होंने लिखा कि लगभग एक साल से, किसी न किसी तरीके से, हम सभी खुरदरे पानी में हैं। मेरे लिए, तनाव को हरा देने का सबसे अच्छा तरीका कभी-कभार बोट का पोज या नौकासना करना है। इसको करने से अपने शरीर के कई विकार दूर होंगे। अभिनय की बात करें, तो शिल्पा फिल्म हंगामा 2 और निकम्मा जैसी फिल्मों के साथ बॉलीवुड में अपना कमबैक करने जा रही हैं।



## न्यूज. ब्रीफ

### शीत लहर ने दिल्ली में तोड़ा 7 साल का रिकॉर्ड



नई दिल्ली। दिल्ली में शीत लहर ने सात साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अगले दो दिन भी इससे राहत की उम्मीद नही है। इस बार शीत लहर लगातार 7वें दिन जारी रही। इससे पहले वर्ष 2013 में लगातार छह दिन शीत लहर दर्ज की गई थी। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो दिन भी शीत लहर चली तो वर्ष 2008 का रिकॉर्ड ध्वस्त हो जाएगा। प्रादेशिक मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी का न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 कम 4 और अधिकतम सामान्य से 2 कम 20.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन का तापमान सामान्य से कम होने की वजह से दोपहर में धूप निकलने के बाद भी सर्दी का अहसास बना रहा। शाम होते-होते गलन वाली सर्दी महसूस होने लगी। पिछले 24 घंटे में हवा में नमी का स्तर अधिकतम 100 र. न्यूनतम 48 डिग्री दर्ज किया गया। इस वजह से दिल्ली के विभिन्न इलाकों में सुबह 9 बजे तक औसत श्रेणी का कोहरा रहा।

### 378 कैरेट के सफेद हीरा खोजा, कीमत 110 करोड़ रुपये



जोहनसबर्ग। दक्षिणी अफ्रीकी देश बोत्सवाना में 378 कैरेट के सफेद हीरे की खोज की गई है, जिसकी कीमत 110 करोड़ रुपये है इस कनाडाई खोजकर्ता ने खान से ढूंढ कर निकाला है। इस शीर्ष गुणवत्ता वाला हीरा माना जाता है। 378 कैरेट का शानदार हीरा इस साल अब तक का दूसरा 300 प्लस कैरेट कैटेगिरी का है। हीरे को लेकर ल्यूसारा कंपनी के सीईओ ईरा थॉमस ने बताया कि इस तरह का शानदार हीरा मिलना 2021 की एक मजबूत शुरूआत है। थॉमस ने कहा कारोव बोत्सवाना की खान उच्च गुणवत्ता की हीरे की क्षमता को उजागर करता है। 378 कैरेट और 341-कैरेट जैसे बड़े हीरे की निरंतर रोज कारोव में भूमिगत संपदा और वित्त निर्माण के अवसर को निरंतर मजबूती और अतिरिक्त आधार प्रदान करती है। उन्होंने कहा की साल 2026 में कई खनिजों क्षेत्रों का पता लगाए जाने के बाद कम से कम 13 सालों तक खनन का काम किया जाएगा।

### उस्मानाबाद में नाबालिग लड़की से गैंगरेप, दो गिरफ्तार

उस्मानाबाद। उस्मानाबाद में एक 14 साल की नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया है। इस घटना ने पूरी इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। इस घटना को उस्मानाबाद की तुलजापुर तहसील के अन्दूर इलाके में अंजाम ?दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, नाबालिग पीड़िता आरोपियों के घर के बगल में ही रहती थी। शुक्रवार को दरिंदों ने जबरदस्ती पीड़िता के घर में घुसकर उसे बंधक बनाया और उठा कर ले गए। जिसके बाद आरोपियों ने पीड़िता के साथ गैंग रेप किया। इस घटना से पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में उस्मानाबाद के नलदुर्ग पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने पोक्सो एक्ट और आईपीसी की धारा 363, 376 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की है। अब तक इस मामले में पुलिस को दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है।

### टिकटॉक के कर्मचारियों को हायर करेंगे भारतीय स्टार्टअप्स

नई दिल्ली। पिछले दिनों टिकटॉक और हैलो ऐप की पैरेंट कंपनी बायडांस ने अपना भारतीय कारोबार पूरी तरह से बंद कर दिया। इससे हजारों लोग बेरोजगार हुए। अब इनकी मदद के लिए भारतीय स्टॉर्टअप्स आगे आ रहे हैं। बोलो इंडिया और चिंगारी जैसे कंपनियों ने कुछ कर्मचारियों को अपनी टीम में शामिल करने की इच्छा जताई है। बोलो इंडिया के सीईओ और फाउंडर वरुण सक्सेना ने बोला कि भारत में चीनी ऐप बैन से भारतीय प्रतिभाओं का बेरोजगार होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इन कंपनियों में काम करने वाले भारतीय काफी प्रतिभाशाली हैं। हम इनमें से कुछ को अपनी टीम में शामिल कर अपनी यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं। कंपनी बिजनेस डेवलपमेंट, यूजर इंगेजमेंट, प्रोडक्ट मैनेजमेंट, कम्युनिटी मैनेजमेंट, कंटेंट स्ट्रेटजी, कंटेट मॉडरेशन फंक्शन समेत कई पदों पर भर्तियां करेंगी।

# शनि की धुरी में बदलाव के लिए चंद्रमाओं को बताया जिम्मेदार

- शोधकर्ताओं को पता चली असली वजह

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

शनि ग्रह की धुरी के टेढ़े होने के रहस्य से वैज्ञानिकों ने परदा उठा दिया है। शोध में वैज्ञानिकों ने यह भी बता दिया है कि अगले कुछ अरब सालों में इसमें क्या और किस तरह का बदलाव आएगा।

इस शोध में शोधकर्ताओं ने शनि की धुरी में बदलाव का जिम्मेदार उसके चंद्रमाओं को बताया है। इंस्टीट्यूट ऑफ सेलिसियल मैकेनिक्स एंड एफीमेरिस कैलक्युलेशन (पेरिस ऑबजर्वेटरी) के सीएनआरएस और सोरबॉन यूनिवर्सिटी के दो वैज्ञानिकों ने बताया है कि शनि के उपग्रहों का प्रभाव इस विशाल गैस के ग्रह की धुरी के झुकाव की व्याख्या कर सकता है। उनका यह कार्य पिछले सप्ताह ही नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में प्रकाशित हुआ है। वैज्ञानिकों का यहां तक कहना है कि अगले कुछ अरब सालों में यह झुकाव और बढ़ेगा। शनि के इस झुकाव की वजह उसके चंद्रमा हैं यह निष्कर्ष सीएनआरएस, सोरबॉन यूनिवर्सिटी और पीसा यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के अध्ययन से निकला है। इसके मुताबिक शनि के चंद्रमा या उपग्रहों के विस्थापन ही शनि की धुरी का झुकाव हुआ है। शोधकर्ताओं का



कहना है कि इसके लिए सबसे बड़ा जिम्मेदार शनि का सबसे बड़ा चंद्रमा टाइटन ही है। शनिग्रह और उसके आसपास के हालिया अवलोकन बताते हैं कि टाइटन और शनि के दूसरे चंद्रमा धीरे-धीरे दूर जा रहे हैं। इस अध्ययन में पता चला है कि यह विस्थापन जितना कि खगोलविद सोच रहे थे उससे कहीं ज्यादा तेज है। इस तेज दर को अपनी गणना में शामिल करने के पर शोधकर्ता इस नतीजे पर पहुंचे कि यह पूरी प्रक्रिया शनि के अपनी धुरी पर झुकाव को प्रभावित कर रही है। ये उपग्रह जितनी ज्यादा दूर जाते हैं धुरी और ज्यादा झुकती चली जाती है। वह निर्णायक घटना जिसने शनि में ज्यादा झुकाव पैदा किया है हाल ही में हुई मानी जा रही थी। जबकि उससे पहले निर्माण के बाद से तीन अरब सालों तक शनि की घूर्णन की धुरी केवल जरा सी झुकी थी।

केवल एक ही अरब साल पहले शनि के चंद्रमा धीरे धीरे दूर होने लगे। इसकी वजह अनुकंपनात्मक प्रक्रिया है जो नेप्च्यून की कक्षा से अंतरक्रिया की वजह से हुई जो आज भी जारी है और यह धुरी 27 डिग्री तक पहुंच गई है। ऐसा नहीं है कि खगोलविदों को इस अनुकंपनात्मक घटना के बारे में पहली बार पता चला है। उन्हें पहले से ही इस घटना की जानाकरी थी, लेकिन उन्हें लगता था कि यह घटना चार अरब साल पहले घटी हुई होगी। वह भी उन्हें लगता था कि यह नेप्च्यून की कक्षा में आए बदलाव की वजह हुई होगी। उस समय तक शनि की धुरी स्थिर थी। हकीकत यह है कि यह धुरी आज भी झुकती ही जा रही है। आज जो हम देख रहे हैं वह केवल इसमें एक बदलाव दिख रहा है। अगले कुछ अरब सालों में यह झुकाव दोगुना ज्यादा हो सकता है। केवल शनिग्रह पर ही उसके चंद्रमाओं का ऐसा प्रभाव नहीं हो रहा है। शोधकर्ताओं ने इसी तरह के निष्कर्ष गुरू ग्रह के बारे में भी निकाले थे।

### महज 13 दिनों में 30 लाख लोगों को लगा टीका

# कोरोना वैक्सीनेशन के मामले में भारत आगे


नई दिल्ली ■ ब्यूरो

भारत ने कोरोना की वैक्सीन लगाने की दौड़ में कई बड़े देशों को पछाड़ दिया है। महज 13 दिनों में देश भर में अब तक 30 लाख लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। जबकि अमेरिका में 30 लाख लोगों को वैक्सीन लगाने में 18 दिनों का वक्त लगा था। इजरायल को इन आंकड़ों तक पहुंचने में 33 दिन का समय लगा था। इसके अलावा ब्रिटेन को 30 लाख लोगों को वैक्सीन लगाने में 36 दिनों का लंबा वक्त लगा। खास बात ये है कि दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले भारत में काफी देर से यानी 16 जनवरी से वैक्सीनेशन का काम शुरू हुआ था। काफी कम समय में इतने सारे लोगों के वैक्सीन लगने के पीछे सबसे बड़ी वजह है, स्वास्थ्य मंत्रालय का शानदार मैनेजमेंट है। इसके अलावा इसकी दूसरी सबसे बड़ी वजह है वैक्सीन को लेकर लोगों



की दिलचस्पी। देश के लगभग हर सेंटर पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग वैक्सीन लगाने के लिए आ रहे हैं। बता दें कि इन दिनों भारत में दो वैक्सीन लग रही है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की कोविशील्ड वैक्सीन और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन को इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी दी है। कई राज्यों में 2 लाख से ज्यादा लोगों को वैक्सीन की डोज लग चुकी है। कर्नाटक में 2,86,089, महाराष्ट्र में 2,20,587, राजस्थान में 2,57,833 और उत्तर प्रदेश में अब तक 2,94,959 लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। औसतन हर रोज 5 लाख लोगों को वैक्सीन लग रही है। शुरूआत में औसतन हर रोज 2 लाख लोगों को वैक्सीन की डोज लग रही थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक भारत ने 10 और 20 लाख लोगों को भी सबसे तेज वैक्सीन लगाने का रिकॉर्ड बनाया था। हेल्थवर्कर्स के बाद अब फ्रंटलाइन वर्कर्स का वैक्सीनेशन किया जाएगा। सरकारी अधिकारी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, फरवरी के पहले सप्ताह में फ्रंटलाइन वर्कर्स का टीकाकरण शुरू होगा। फ्रंटलाइन वर्कर्स को देश भर में स्थापित 3,006 से अधिक टीकाकरण स्थलों पर वैक्सीन दी जाएगी। वैक्सीन के लिए शुरूआत में स्वास्थ्यकर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 50 साल से अधिक आयु के लोगों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा गंभीर बीमारी से ग्रस्त लोगों को भी शुरूआती चरण में वैक्सीन दी जाएगी। अंत में वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर शेष आबादी को वैक्सीन दी जाएगी।

## इक्वाडोर में एक निजी क्लीनिक ने 70 हजार लोगों को लगाई फर्जी वैक्सीन




वाशिंगटन ■ एजेंसी

दक्षिण अमेरिका के इक्वाडोर में कम से कम 70 हजार लोगों को फर्जी कोरोना वैक्सीन लगाई गई है। एक प्राइवेट क्लिनिक ने कोरोना की वैक्सीन लगाने के नाम पर मरीजों से प्रति खुराक 1100 रुपए वसूले। चिकित्सकों ने कोरोना से पूरी तरह सुरक्षित होने के लिए तीन वैक्सीन के तीन डोज लगवाने को कहा गया था। सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि फर्जी कोरोना वैक्सीन लगाने वाले क्लिनिक का स्टाफ लोगों पर तीन खुराक वैक्सीन लगवाने का दबाव डालता था। वे कहते कि तीन डोज लगवाने के बाद ही लोग पूरी तरह से कोरोना से मुक्त हो जाएंगे। उन्होंने बहुत बड़ी संख्या में लोगों को फर्जी कोरोना वैक्सीन लगा दी।

स्वास्थ्य अधिकारियों को अब तक इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि वैक्सीन के नाम से दिए जा रहे इंजेक्शन में कौन से पदार्थ का इस्तेमाल किया जा रहा था। अंडरकवर एजेंट ने क्लिनिक का एक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो में क्लिनिक चलाने वालीं महिला डॉक्टर लूसिया पेनाफील बिना मास्क के दिखती हैं और बताती हैं और क्लिनिक के स्टाफ कोरोना से पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 70 हजार लोगों को यहां ट्रीटमेंट दिया गया है।

इसके बाद पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों ने क्लिनिक पर छापा मारा। हालांकि, छापे की कार्रवाई के बाद डॉक्टर लुसिया ने एक अखबार से कहा कि वे वैक्सीन नहीं लगा रही थीं और मरीजों को विटामिन और सीरम की खुराक दे रही थीं, ताकि उनकी इम्यूनिटी बेहतर हो सके। उन्होंने बताया कि वह कोरोना से बीमार मरीजों का इलाज लेजर ट्रीटमेंट और इन्फ्रारेड लाइट्स से करती थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, फर्जी वैक्सीन लगाने वाले क्लिनिक के मरीजों में पुलिसकर्मी, सैनिक और राष्ट्रपति लेनिन मोरेनो के स्टाफ भी शामिल थे।

# नेपाल सरकार ने भारत व चीन से जुड़े 30 बॉर्डर को खोला

- नेपाल के गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर बॉर्डर खोलने की घोषणा की

रक्सौल ■ एजेंसी

नेपाल सरकार ने भारत व चीन की सीमा से जुड़े अपने 30 बॉर्डरों को सशर्त खोल दिया है। इसमें वीरगंज के अलावा उत्तर बिहार से लगे एक दर्जन से अधिक बॉर्डर शामिल है। कोरोना लॉकडाउन के साथ पिछले वर्ष 24 मार्च से बॉर्डर बंद था। शुक्रवार को नेपाल के गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर बॉर्डर खोलने की घोषणा की। इस आदेश के बाद नेपाली नागरिकों को निर्बाध आवाजाही की अनुमति दी गई है। जबकि भारत के नागरिकों के लिए कुछ शर्त का पालन जरूरी है। विदित हो कि भारत ने 22 अक्टूबर को ही नेपाल से लगी अपनी सीमा को खोल दी थी। इसके बाद से ही विभिन्न नेपाली संघ व संस्थाएं भारत से लगी सीमा खोलने के लिए आंदोलन चला रहे थे। नेपाल सरकार के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता चक्रबहादुर बुढा के अनुसार भारतीय नागरिकों को नेपाल आने के लिए गृह मंत्रालय की स्वीकृति अनिवार्य है। साथ ही उन्हें यह भी बताना होगा कि वे क्यों आना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें प्रायोजन के साथ निवेदन पंजीकृत करना होगा। अनुमति मिलने पर ही नेपाल में प्रवेश मिलेगा। हालांकि तीसरे देश के नागरिकों को स्थल मार्ग से अनुमति नहीं दी गई है। उन्हें फ्लाइट से ही आने जाने की अनुमति दी गई है। भारतीय नागरिकों को नेपाल के गृह मंत्रालय से इजाजत लेनी होगी। यात्रा के लिए कोविड नियंत्रण उच्चस्तरीय समिति से जुड़ी सीसीएम की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसमें यात्रा का कारण, अवधि, उद्देश्य का ब्यौरा देना होगा। अनुमति मिलने के साथ मंत्रालय से उन्हें बार कोड मिलेगा। इसके साथ आवेदक को आरटीपीसीआर की 72 घंटे के अंदर की निगेटिव जांच रिपोर्ट दिखानी होगी, तभी प्रवेश मिलेगा। वाहन के लिए इजाजत मिलने पर यात्रा अवधि की कस्टम ड्यूटी देनी पड़ेगी। बिहार से लगी नेपाल की खजुरगाछी, भंटाबारी, कनौल, जटही, इनरवा, भिट्ठामोड़, मलंगवा, बंकूल, मटिअरवा, सिमरौनगढ़, त्रिवेणी, माड़र, गौर व वीरगंज शामिल हैं।

### कार्डी बी अब ड्राइविंग लाइसेंस पर लिखेंगी गाना

लॉस एंजेलिस। रैपर कार्डी बी अब ड्राइविंग लाइसेंस पर एक गाना लिखने का प्लान बना रही हैं। खबर है ?कि कार्डी को देर रात मैकडॉनल्ड्स में जाकर कुछ खाने की तलब हुई, लेकिन वह नहीं जा सकीं। उनका कहना है कि उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस न होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कार्डी ने ट्विटर पर लिखा कि मैं उस एक लड़की की मुश्किलों पर एक गाना लिखना चाहती हूं, जिसे ड्राइविंग लाइसेंस न होने के चलते कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस पर उनके एक प्रशंसक ने सवाल उठाया कि वह तो एक सेलेब्रिटी हैं और बेहद अमीर भी, ऐसे में उनके लिए कहीं भी, कभी भी जाने का यह काम तो काफी आसान होगा।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पीएम नरेन्द्र मोदी प्रार्थना सभा में हुए शामिल

- कहा- लाखों को प्रेरित करते हैं बापू के आदर्श



नई दिल्ली ■ ब्यूरो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गांधी स्मृति में महात्मा गांधी की 73वीं पुण्यतिथि पर आयोजित प्रार्थना सभा में भाग लिया। इससे पहले उन्होंने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा- महान बापू की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि।

बापू के आदर्श आज भी लाखों लोगों को प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज शहीद दिवस पर हम उन सभी महापुरुषों और महान महिलाओं के बलिदान को याद करते हैं, जिन्होंने भारत की आजादी और प्रत्येक भारतीय की कुशलता के लिए खुद को समर्पित कर दिया। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में राजघाट जाकर बापू को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस मौके पर कहा कि लोगों को शांति, अहिंसा, सादगी, साधनों की शुचिता और विनम्रता के बापू के आदर्शों का पालन करना चाहिए। आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अमर-बलिदान के दिन कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से उनकी पुण्य स्मृति को मैं नमन करता हूं। आइए हम महात्मा गांधी के दिखाए सत्य और प्रेम के मार्ग पर चलने का संकल्प लें। वहीं उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कहा कि अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म है। यदि हम इसका पूरी तरह से पालन न भी कर पाएं तो भी हमें इसकी भावना को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो हिंसा का त्याग करना चाहिए। गांधी जी शांति, अहिंसा, निःस्वार्थ सेवा के साधक थे। उन्होंने अपने कर्म से समय की रेत पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। गांधी जी के सिद्धांत आज भी विश्व को कल्याण का रास्ता दिखाते हैं।

## प्राथमिक विद्यालय की खबर दिखाने के संबंध में बीएससी ने किया तीन पत्रकारों पर मुकदमा दर्ज

कानपुर-उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या से होगी डीएम कानपुर देहात की शिकायत कानपुर प्रेस क्लब ने बैठक के बाद लिया निर्णय अध्यक्ष अवनीश दीक्षित की अगुवाई में डिप्टी सीएम से पत्रकार करेंगे मुलाकात डीएम दिनेश चंद्र और बीएसए की करतूत का करेंगे खुलासा आज दोपहर में कानपुर पहुंच रहे हैं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या मुकदमें के बाद से डीएम और बीएसए के खिलाफ पत्रकारों में आक्रोश डिप्टी सीएम द्वारा त्वरित कार्रवाई न किये जाने पर करेंगे आंदोलन बीएसए से मुकदमा लिखाने के बाद सूचना विभाग से मान्यता जांच करा रहे डीएम।

# शार्क मछलियों का 'कब्रगाह' बना हिंद महासागर

- मछलियों पर विलुप्त होने का खतरा

लंदन ■ एजेंसी

एक ताजा शोध में खुलासा हुआ है कि अथाह समुद्र में करोड़ों से साल से जिंदगी बिता रहीं शार्क मछलियों पर विलुप्त होने का खतरा मंडराने लगा है। बहुत ज्यादा मछली पकड़े जाने से शार्क मछलियां हमेशा के लिए खत्म हो सकती हैं। इस शोध में कहा गया है कि पिछले 50 साल में 70 फीसदी शार्क मछलियां खत्म हो गईं। कनाडा के सिमोन फ्रासेर यूनिवर्सिटी और ब्रिटेन के यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सटेर के वैज्ञानिकों ने अपने शोध में पाया कि वर्ष 1970 से अब तक मछली पकड़ने पर दबाव 18 गुना बढ़ गया है। इसकी वजह से बिना किसी संदेह के समुद्र के इको सिस्टम पर प्रभाव पड़ा है और कई जीव बड़े पैमाने पर विलुप्त हो रहे हैं। बड़े पैमाने पर मछली पकड़े जाने से न केवल शार्क मछली बल्कि रे मछलियों के पूरी तरह से विलुप्त होने का खतरा है। वैज्ञानिकों के दल ने कहा कि शार्क और रे को बचाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की जरूरत है। समुद्री मामलों के विशेषज्ञ डॉक्टर रिचर्ड शेर्ले ने कहा कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए तो बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आशा की बात यह है कि अगर मछली पकड़ने पर वैज्ञानिक तरीके से प्रतिबंध लगाया जाए तो शार्क को बचाया जा सकता है।

वैज्ञानिकों ने पाया कि वर्ष 1970 के बाद से शार्क और रे मछलियों की जनसंख्या में 71 फीसदी की गिरावट आई है। इस दल ने पाया कि शार्क और रे मछलियों की 31 में से 24 प्रजातियां अब संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में आ गई हैं। यही नहीं समुद्र में पाई जाने वाली ओसेनिक वाइटटिप और ग्रेट हैमरहेड शार्क भी बहुत ज्यादा संकट में आ गई है।

# 10 हजार किमी यात्रा करके अमेजन के जंगल तक पहुंचती है सहारा की धूल



लंदन ■ एजेंसी

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (नासा) के सैटेलाइट ने सहारा रेगिस्तान से उड़ने वाली धूल की तस्वीर ली है। यह धूल लगबग दस हजार किमी की यात्रा के बाद अटलांटिक महासागर पार करके अमेजन के जंगलों तक पहुंचती है। इस धूल में एक खास तरह का पोषक तत्व होता है, जो इन जंगलों के लिए बेहद जरूरी है। अंतरिक्ष से देखने में ऐसा लगता है कि सहारा रेगिस्तान से लेकर अमेजन के जंगलों के ऊपर भूरे-पीले रंग की एक मोटी चादर बिछी है। इस लंबी यात्रा के दौरान धूल अपने साथ ढेर सारा फॉस्फोरस लेकर जाती है। अमेजन के जंगलों में फॉस्फोरस की वजह से पेड़-पौधों को पोषक तत्व मिलता है। नासा ने इस प्रक्रिया की थ्री डी तस्वीर बनाई है। उसके बाद उसका आकलन किया है। सहारा जैसे एक बेहद बीहड़ और निर्जीव जगह से निकली धूल-धरती के दूसरे हिस्से पर मौजूद अत्यधिक उपजाऊ जगह को विकसित होने और सजीव रहने में मदद कर रही है। नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर में काम करने वाले साइंटिस्ट और यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के शोधकर्ता होंगबिन यू ने बताया कि सहारा रेगिस्तान की धूल में मृत सूक्ष्मजीव होते हैं। सहारा रेगिस्तान में पत्थरों से निकला हुआ सूक्ष्म मिनरल भी होता है। सूक्ष्मजीव फॉस्फोरस से भरे हुए होते हैं।

तनाव — चीन ने यह अभ्यास ताइवान के एयरस्पेस में घुसपैठ की खबरों के बीच किया

# चीनी फाइटर प्लेन ने अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर को तबाह करने का किया अभ्यास

पेइचिंग ■ एजेंसी

अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम होना तो दूर गहराता नजर आ रहा है। चीनी जंगी जहाजों ने एक बार फिर अमेरिकी विमानवाहक जहज पर मिसाइल हमले का अभ्यास किया है। खास बात यह है कि चीन ने यह अभ्यास ताइवान के एयरस्पेस में घुसपैठ की खबरों के बीच किया है। एक अमेरिकी सूत्र ने बताया है कि चीनी एयरक्राफ्ट अमेरिकी कैरियर और उसके साथ मौजूद युद्धपोतों से सिर्फ 250 नॉटिकल मील दूर रहा। पेइचिंग ताइवान पर अपना दावा बताता है जिसे लेकर दोनों देशों के बीच



तनावपूर्ण स्थिति कायम है। वहीं ताइवान को अमेरिका का समर्थन मिला है और हाल के सालों में दोनों देश चीन के खिलाफ खुलकर साथ आए हैं। ताइवान के क्षेत्र में 23 और 24 जनवरी को चीनी जंगी विमान के घुसने की खबरें आईं थी। पहले जहां 11 विमान चीन ने भेजे थे, वहीं दूसरी बार 15 फाइटर प्लेन भेजे जाने की खबरें थीं।

इसी क्षेत्र में अमेरिका का यूएसएस थिओडोर रूजवेल्ट मौजूद है जिसके आसपास अमेरिकी जंगी बेड़ा भी है। जानकारी के मुताबिक ताइवान में दाखिल होने के दौरान चीनी पायलटों की बातचीत को इंटरसेप्ट किया जा सका जिसमें उन्होंने युद्धपोत पर हमले के अभ्यास की बात कही।

चीन ने पहले भी नोटिस जारी किया था कि वह दक्षिण चीन सागर के इस हिस्से में युद्धअभ्यास करेगा। घटना के बाद अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा था कि हम पेइचिंग से अपील करते हैं कि ताइवान पर सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक दबाव बनाना बंद करे। हालांकि इसका कोई फायदा नहीं हुआ और चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने ताइवान में आजादी की औपचारिक लड़ाई पर जंग होने की चेतावनी दे डाली।

## न्यूज. ब्रीफ

### विष्णु कांत सहाय 'एकेएस ग्लोबल टीचर्स अवार्ड 2020' से सम्मानित

भोपाल। सेन्ट जोसफ कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल इदगाह हिल्स भोपाल के व्यायाम शिक्षक विष्णु कांत सहाय को गत दिवस 'एकेएस ग्लोबल टीचर्स अवार्ड 2020' सम्मानित किया गया, यह अवार्ड उन्हें खेलकूद व शारिक शिक्षा के प्रोत्साहन में उनके योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि विष्णु कांत को भोपाल शहर को सीबीएसई खेलकूद के पहले आयोजनकर्ता होने का सौभाग्य प्राप्त है। विष्णु कांत विगत 33 वर्षों से खेलों के क्षेत्र में सक्रिय है। विष्णु कांत विभिन्न राष्ट्रिय प्रतियोगिताओं के साथ 2010 में नई दिल्ली में आयोजित हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में भी अपनी सेवाए दे चुके है। विष्णु कांत पूर्व में 'इंडिया स्टार यंग अचीवर अवार्ड 2019' व 'आई एन एस सी शिक्षक सम्मान 2019' से सम्मानित हो चुके है। उल्लेखनीय है कि विष्णु कांत की पिछले 20 वर्षो में भोपाल में केंद्रीय विद्यालय के राष्ट्रीय एथलेटिक्स, सीबीएसई के राष्ट्रीय एथलेटिक्स, स्विमिंग, व्हालीबाल के साथ अनेक क्लस्टर ₹जोनल प्रतियोगिता के आयोजन में सक्रिय भागीदारी रही है। उनकी उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर लिली ने सम्मानित करते हुए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा रवदीप सिंह मल्हारी शारीरिक शिक्षक सुनीता धर, जितेंद्र शुक्ला, मैदांगश्री बासुमतारी व समस्त शिक्षिकाओं/शिक्षकों ने हर्ष जताया व बधाई दी।

### बॉक्सर अमित ने कोच की सेलरी देने के लिए मांगी कॉर्पोरेट समूह से मदद

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख मुक्केबाज अमित पंघाल ने अपने निजी कोच अनिल धनकड़ को सेलरी देने के लिए एक बहुराष्ट्रीय कंपनी से मदद मांगी है। अनिल पंघाल को इस बॉक्सर के साथ टोक्यो ओलिंपिक के लिए तैयारियों में शामिल होने की अनुमति दी गई थी। ओलिंपिक गेम्स में मुक्केबाजी में देश की पदक उम्मीद पंघाल ने कॉर्पोरेट समूह से औपचारिक अनुरोध किया है कि वह अनिल को लगभग पांच लाख रुपए का कोचिंग शुल्क दे, जो जनवरी 2021 से टोक्यो ओलिंपिक तक की फीस है। टोक्यो ओलिंपिक इस साल जुलाई-अगस्त में आयोजित हो सकते हैं। धनकड़ आईआईएस, बेल्लारी में चल रहे नेशनल बॉक्सिंग कैंप में बिना किसी फीस के अमित पंघाल के साथ कोच के रूप में शामिल हुए थे। अमित पंघाल ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) से अनुरोध किया था कि ओलिंपिक खेलों तक धनकड़ को निजी प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किया जाए, जिसके बाद बीएफआई ने इस बात को स्वीकार कर लिया। धनकड़ के आवेदन को जब महासंघ की ओर से साई को भेजा गया, तो उन्हें पंघाल के 'मोटिवेटर' के रूप में पेश किया गया। बाद में बॉक्सर के हस्तक्षेप और नियुक्ति में गड़बड़ी को दूर करते हुए धनकड़ को आखिर पंघाल के निजी कोच के रूप में सेवा की पेशकश की गई।

### डैक्कन ग्लेडिएटर्स के खिलाफ बल्ले का कमाल नहीं दिखा सके क्रिस गेल

दुबई। अबूधाबी में चल रही टी-10 लीग में विंडीज बल्लेबाज क्रिस गेल अपने बल्ले से कमाल नहीं दिखा सके। डैक्कन ग्लेडिएटर्स के खिलाफ हुए मैच में ओपनिंग के लिए क्रिस गेल महज 4 रन बनाकर ही पवेलियन लौटे। गेल को पहली ही ओवर में अहमद ने बोल्ड कर दिया। गेल का विकेट गिरते ही अबू धाबी टीम की हालत पतली हो गई और वह लगातार विकेट गंवाती रही।




अबू धाबी की ओर से कप्तान ल्यूक राइट ने 25, जो क्लार्क ने 21 तो जे. ऑवर्टन ने 10 रन बनाए। वहीं, ग्लेडिएटर्स की ओर से जहूर खान ने 2 ओवर में तीन, अहमद ने एक ओवर में दो विकेट लिए। इस तरह अबूधाबी की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 95 रन ही बना पाई। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी डैक्कन ग्लेडिएटर्स टीम की शुरूआत अच्छी रही। मोहम्मद शहजाद ने 21, कैमरोन डेलपोर्ट ने 40, कप्तान कैरोन पोलार्ड ने 24 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। हालांकि मैच के दौरान एक समय ऐसा भी आया था जब आखिरी ओवर में जे. ओवर्टन ने दो विकेट निकालकर डैक्कन का राह मुश्किल कर दिया था लेकिन सुनील नेरेन ने पहले ही गेंद पर चौका मारकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: कोहली चौथे नंबर पर काबिज, पुजारा को हुआ फायदा

दुबई ■ एजेंसी

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने शनिवार को टेस्ट रैंकिंग जारी की। बैट्समैन की रैंकिंग में भारतीय कप्तान विराट कोहली चौथे नंबर पर बने हुए हैं। वहीं, चेतेश्वर पुजारा को एक स्थान का फायदा हुआ है। वे पाकिस्तान के बाबर आजम को पीछे छोड़ छठवें नंबर पर पहुंच गए हैं। भारतीय उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे को भी एक स्थान का फायदा हुआ। वे 8वें नंबर पर पहुंच गए। टॉप-10 में भारत के 3 बल्लेबाज शामिल हैं। जबकि, टॉप-10 गेंदबाजों की लिस्ट में टीम इंडिया के 2 बॉलर्स हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नहीं खेले थे। वहीं, साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में भी कुछ खास नहीं कर सके। इसलिए उन्हें एक रैंकिंग का नुकसान हुआ। जबकि, पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 4 टेस्ट में 33.88 की औसत से 271 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन 919 अंकों के साथ पहले स्थान पर बरकरार हैं।

### विलियम्सन टॉप और स्मिथ दूसरे स्थान पर

विलियम्सन ने पाकिस्तान के खिलाफ 2 टेस्ट में 129.33 की औसत से 388 रन बनाए थे। उसके बाद उन्होंने टॉप रैंक हासिल की थी। इसके अलावा स्टीव स्मिथ दूसरे और मार्नस लाबुशेन तीसरे स्थान पर हैं। कोहली चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट को भी श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में डबल सेंचुरी लगाने का फायदा मिला।

**अश्विन को गेंदबाजी में 2 स्थान का नुकसान:** गेंदबाजों की रैंकिंग में रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह टॉप-10 में बने हुए हैं। अश्विन 8वें और बुमराह 9वें स्थान पर हैं। इसके अलावा टॉप-10 में कोई भी भारतीय बॉलर नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस पहले, इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड दूसरे और न्यूजीलैंड के नील वैगनर तीसरे स्थान पर कायम हैं।

### रविंद्र जडेजा तीसरे नंबर पर कायम

ऑलराउंडर्स की लिस्ट में इंग्लैड के बेन स्टोक्स पहले स्थान पर हैं। वहीं, वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर दूसरे और भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा तीसरे स्थान पर हैं। जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 टेस्ट में 15 की औसत से 7 विकेट लिए थे। जबकि, बल्लेबाजी में उन्होंने दो टेस्ट में 85 की औसत से 85 रन बनाए थे।

### न्यूजीलैंड टॉप पर

टीमों की रैंकिंग में न्यूजीलैंड की टीम टॉप पर है। उन्होंने हाल ही में वेस्टइंडीज और पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में व्हाइट वॉश किया था। भारत की टीम दूसरे और ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर है। भारत और न्यूजीलैंड दोनों के 118 अंक हैं। हालांकि दशमलव में आगे होने के कारण न्यूजीलैंड पहले नंबर पर है।



सैयद मुश्ताक अली टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच आज शाम सात बजे

# तमिलनाडु का पलड़ा भारी

अहमदाबाद ■ एजेंसी

मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी का फाइनल रविवार कोबड़ौदा की टीम पर भारी है तमिलनाडु का पलड़ादेवधर की कप्तानी में बड़ौदा ने कई एकतरफा मैच जीते अनुभवी खिलाड़ियों से भरी तमिलनाडु की टीम का सामना सैयद मुश्ताक अली टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में रविवार को शाम सात बजे से बड़ौदा से होगा, जिसने मैदान से बाहर के विवादों को भुलाकर शानदार प्रदर्शन किया है। दिनेश कार्तिक की कप्तानी वाली तमिलनाडु टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। ग्रुप चरण से अब तक उसने कई बड़ी जीत दर्ज की है और टीम में कोई परेशानी नजर नहीं आई। दूसरी ओर केदार देवधर की कप्तानी में बड़ौदा ने कई एकतरफा मैच जीते। इसके अलावा हरियाणा को रोमांचक क्वार्टर फाइनल में हराया जिसमें विष्णु सोलंकी ने आखिरी गेंद पर हेलिकॉप्टर शॉट खेलकर जीत दिलाई थी। बड़ौदा का प्रदर्शन इसलिए भी अधिक प्रशंसनीय है, क्योंकि उसके शीर्ष बल्लेबाज दीपक हुड्डा कप्तान क्रुणाल पंड्या से मतभेदों के कारण टीम छोड़कर चले गए थे। बाद में अपने पिता के निधन के कारण क्रुणाल पंड्या को भी जाना पड़ा। हिमाचल प्रदेश के खिलाफ तमिलनाडु भी संकट में थी, लेकिन शाहरूख खान की शानदार बल्लेबाजी और बाबा अपराजित की संयमित पारी ने उसे जीत दिलाई। अनुभवी अरूण कार्तिक ने राजस्थान के खिलाफ 89 रनों की उम्दा पारी खेली।





सलामी बल्लेबाज एन जगदीशन ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं, हालांकि उनके जोड़ीदार सी हरि निशांत अच्छी शुरूआत के बाद लय खो बैठे। कप्तान कार्तिक ने भी बड़ी पारी नहीं खेली है, लेकिन लक्ष्य का पीछा करते हुए मध्यक्रम में उपयोगी योगदान दिया है। दूसरी ओर शाहरूख अच्छे प्रदर्शन को बरकरार रखकर अगले महीने आईपीएल के लिये नीलामी से पहले टीमों का ध्यान खींचना चाहेंगे। गेंदबाजी में बाएं हाथ के स्पिनर आर साइ किशोर, लेग स्पिनर एम अश्विन और अपराजित पर बड़ी जिम्मेदारी होगी।

बड़ौदा अगर खिताब जीतती है तो छोटे प्रारूप में उसकी यह तीसरी राष्ट्रीय ट्रॉफी होगी। इसके लिए देवधर को अच्छी पारी खेलनी होगी, जो अब तक 333 रन बना चुके हैं। उनके अलावा सोलंकी से भी बड़ी उम्मीदें रहेंगी जो सेमीफाइनल में नाकाम रहे थे। कार्तिक काकाडे के फॉर्म में लौटने से मध्यक्रम मजबूत हुआ है। गेंदबाजी में अतीत शेठ और लुकमान मेरीवाला ने प्रभावित किया है। बाएं हाथ के स्पिनर भार्गव भट, निनाद राठवा और आफ स्पिनर कार्तिक काकाडे से भी उम्मीदें रहेंगी।

## कोहली के दिए तोहफे से बहुत खुश हैं मेरी प्यारी बेटी इंडी : वॉर्नर

**नई दिल्ली** । हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी ही धरती पर टेस्ट सीरीज में हार का मुंह देखा है। इस हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बेहद निराश दिखे, लेकिन डेविड वॉर्नर के घर की एक सदस्य बेहद खुश है। खुद डेविड वॉर्नर ने इसकी जानकारी दी। वॉर्नर ने ट्वीट कर बताया कि भले ही ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज हार गया लेकिन उनकी बेटी इंडी रे विराट कोहली की ओर से मिले तोहफे से बेहद खुश हैं। बता दें विराट कोहली ने इंडी को अपनी टेस्ट जर्सी दी है, जिसमें उनके ऑटोग्राफ भी हैं। वॉर्नर की बेटी कोहली की बहुत बड़ी फैन हैं। उन्हें अपने पापा से ज्यादा अच्छी बल्लेबाजी विराट कोहली की लगती है। डेविड वॉर्नर इंस्टाग्राम पर लाइव सेशन के दौरान भी कई बार बता चुके हैं कि उनकी बेटी इंडी विराट कोहली की बड़ी फैन हैं। वॉर्नर भी विराट कोहली को मौजूदा दौर का सबसे बड़ा बल्लेबाज बता चुके हैं। आज डेविड वॉर्नर और विराट कोहली बहुत अच्छे दोस्त हैं, लेकिन तकरीबन 9-10 साल पहले ऐसा नहीं था। 2012 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर विराट कोहली की डेविड वॉर्नर से मैदान पर बहस भी हुई थी। वॉर्नर ने रोहित शर्मा से भी काफी गाली-गलौज की है लेकिन आज वहां टीम इंडिया के खिलाड़ियों के अच्छे दोस्त हैं।




## तमन्ना की कप्तानी में भोपाल महिला टीम इंदौर रवाना

रविवार को नर्मदपुरम से मुकाबला

लोकदेश संवाददाता ■ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में इंदौर में जेएस आनंद इंटर डिवीजन महिला क्रिकेट टूर्नामेंट खेला जा रहा है, इस टूनार्मेंट के लिए टीम भोपाल की कमान ऑल राउंडर तमन्ना निगम को सौंपी गई है। दीपिका शाक्य को उपकप्तान की जिम्मेदारी दी गई है। टीम में निकिता सिंह व राहिला फिरदौस जैसी सीनियर खिलाडियों के साथ ही सौम्या तिवारी और खुशी यादव जैसी प्रतिभाशाली खिलाडियों को भी रखा गया है। टीम भोपाल का को ग्रुप ए में नर्मदापुरम, रीवा और मेजबान इंदौर के साथ रखा गया है। भोपाल का पहला मुकाबला 31 जनवरी को नर्मदापुरम से होगा। दूसरा मुकाबला एक फरवरी को रीवा से तथा तीसरा मुकाबला दो फरवरी को इंदौर से होगा। चार फरवरी को सेमीफाइनल व पांच फरवरी को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।



**भोपाल महिला टीम:** तमन्ना निगम कप्तान, दीपिका शाक्या उपकप्तान, निकिता सिंह, राहिला फिरदौस, अनामिका सिंह, सौम्या तिवारी, खुशी यादव, समृद्धि सक्सेना, तनिष्का सेन, नैनी राजपूत, अनुष्का सिंह, श्रद्धा कुशवाह, श्रेया दीक्षित निधि तिवारी व रिषिता परिहारा। अतिरिक्त - श्रुति श्रीवास्तव, वैष्णवी गुप्ता, जाहन्वी रावत, मंजू मरकाम व इशिता।

### सीनियर पुरुष टीम की कमान आदित्य को

माधवराव सिंधिया सीनियर इंटर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट इंदौर में खेला जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए टीम भोपाल का कप्तान आदित्य श्रीवास्तव व उपकप्तान अब्दुस समद को बनाया गया है। टीम भोपाल को ग्रुप सी में उज्जैन और नर्मदापुरम के साथ रखा गया है। टीम भोपाल का पहला मुकाबला 31 जनवरी को उज्जैन से और 1 फरवरी को दूसरा मुकाबला नर्मदापुरम से होगा। प्रतियोगिता में सेमीफाइनल तीन और फाइनल चार फरवरी को खेला जाएगा।

**भोपाल पुरुष टीम** :आदित्य श्रीवास्तव कप्तान, अब्दुस समद उपकप्तान, कनिष्क दुबे, जय देवनानी, अतुल कुशवाह, सलमान बेग, अनिकेत वर्मा, मोहित झावा, संदीप मित्तल, अनुपम टोप्पो, पुनित दाते, राहुल बाथम, अश्विन दास, अनुभव अग्रवाल व प्रकेश राय। अतिरिक्त : प्रख्यात पासी, गौरव पिचोनिया, अरबाज कुरैशी, दौतल उइके, आदित्य सिंह, एम यादव, कुलदीप सिंह, शिवम शुक्ला व जीशान अली।

## बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरूण धूमल ने दिए संकेत, भारत में ही होगा आईपीएल 2021

नई दिल्ली ■ एजेंसी

बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरूण धूमल ने आईपीएल 2021 को लेकर बड़ा बयान दिया है। धूमल ने कहा है कि बीसीसीआई इस समय आईपीएल को किसी भी दूसरे देश में करवाने को लेकर सोच तक नहीं रही है और इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन को भारत में होने की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड दर्शकों को स्टेडियम में वापस लाने पर भी विचार कर रही है और खिलाड़ियों को कोरोना की वैक्सीन लगाने को लेकर भी सरकार से बातचीत चल रही है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल में भी शामिल अरूण धूमल ने आईपीएल को लेकर बातचीत करते हुए कहा, 'हम आईपीएल को भारत में करवाने को लेकर काम कर रहे हैं और हमको उम्मीद है कि हम इसका आयोजन यहां पर कराने में कामयाब होंगे। हम इस समय बैकअप के बारे में भी नहीं सोच रहे हैं। हम इसको भारत में ही करवाना चाहते हैं। भारत इस समय यूएई के मुकाबले काफी सुरक्षित है। उम्मीद है कि स्थिति काबू में रहेगी और दिन प्रतिदिन बेहतर होगी और हम आईपीएल को यहां पर करवा पाएंगे।' यूएई में इन दिनों कोरोना के केस काफी तेजी से बढ रहे हैं। दर्शकों को स्टेडियम में वापस लाने पर बात करते हुए धूमल ने कहा, 'हम दर्शकों को वापस लाने को लेकर काफी उत्सुक हैं। परिस्थितियों को देखते हुए 100 प्रतिशत तो नहीं, लेकिन हम 25 से लेकर 50 प्रतिशत दर्शकों को मैदान पर वापस लाने के लिए बात कर रहे हैं।' उन्होंने बताया कि बीसीसीआई सरकार से खिलाड़ियों को जल्द से जल्द कोराना के वैक्सीन लगवाने को लेकर भी बात कर रही है।



## शमी और उमेश के नहीं होने से कमजोर होगी टीम की रिवर्स स्विंग की धार

नई दिल्ली ■ एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया को अपने घरेलू मैदान में खेलना फायदा मिलेगा, लेकिन टीम को रिवर्स स्विंग के माहिर गेंदबाज मोहम्मद शमी और उमेश यादव की कमी खलेगी। भारतीय पिचों पर रिवर्स स्विंग तेज गेंदबाजों का मारक हथियार है। एशियाई पिचों पर रिवर्स स्विंग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इंग्लैंड की टीम ने 2012-13 में भारतीय दौरे पर इसी अचूक हथियार से धोनी की अगुवाई वाली टीम इंडिया को 2-1 से मात दी थी।



उस दौरे पर इंग्लैंड के स्पिनर मोंटी पनेसर और ग्रीम स्वान ने भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ काफी विकेट चटकाए थे। हालांकि धोनी ने इंग्लैंड के खेमे में जेम्स एंडरसन की मौजूदगी को दोनों पक्षों के बीच प्रमुख अंतर करार दिया था। एंडरसन ने तब चार टेस्ट में सिर्फ 12 विकेट लिए थे, लेकिन इससे फर्क पड़ा था। 38 वर्षीय एंडरसन पहले दो टेस्ट मैचों में से कम से कम एक में खेलने वाले है। इंग्लैंड के पास अनुभवी स्टुअर्ट ब्रॉड और जोफ्रा आर्चर भी है। बेन स्टोक्स भी रिवर्स स्विंग गेंदबाजी में काफी माहिर हैं। दूसरी ओर भारत के पास जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर हैं। भारत के पास शमी और उमेश नहीं हैं जो घरेलू परिस्थितियों में प्रभावी रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे पर दोनों घायल हो गए थे। पहले दो टेस्ट के लिए उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया है।

इंग्लैंड के बल्लेबाजी कोच ग्राहम थोर्प ने कहा है कि रिवर्स स्विंग अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, यह दोनों तरफ के गेंदबाजों के लिए काफी महत्वपूर्ण हथियार है। सामान्य स्विंग और रिवर्स स्विंग करने वाले गेंदबाज अक्सर बल्लेबाजों पर दबाव बनाते हैं। पहले सेशन में विकेट से टर्न मिलने की संभावना नहीं और इसका मतलब है कि तेज गेंदबाज निर्णायक होगा। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज मनोज प्रभाकर रिवर्स स्विंग का उपयोग करने में माहिर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि इंग्लैंड के गुट में एंडरसन की उपस्थिति और टीम इंडिया में शमी और यादव की अनुपस्थिति का मतलब है कि यह सीरीज भारत के लिए आसान नहीं होने वाली। प्रभाकर ने कहा, ₹यह इतना आसान नहीं होगा। रिवर्स स्विंग के लिए आपको उन गेंदबाजों की आवश्यकता होती है जो शमी की तरह गेंद को रिलीज करते हैं। इसके अलावा अनुभव की आवश्यकता भी होती है। मुझे नहीं पता कि सिराज एंड कंपनी रिवर्स स्विंग में अच्छी है या नहीं, लेकिन शमी और यादव दोनों बहुत अनुभवी हैं।

## ईसीबी ने कहा- भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड से जुडेंगे बेयरस्टो, वुड और सैम करन

लंदन ■ एजेंसी


इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को कहा कि जॉनी बेयरस्टो, मार्क वुड और सैम करन तीसरे टेस्ट से टीम से जुड़ जाएंगे। इससे पहले इंग्लैंड के असिस्टेंट कोच ग्राहम थोर्प ने एक इंटरव्यू में कहा था कि बेयरस्टो पहले टेस्ट के बाद स्क्वॉड में शामिल हो जाएंगे। बेयरस्टो को भारत के खिलाफ 5 फरवरी से शुरू हो रहे 4 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले दो मैचों के लिए आराम दिया गया था। वहीं, तेज गेंदबाज मार्क वुड और ऑलराउंडर सैम करन को इंग्लैंड के रोटेशन सिस्टम के हिस्से के रूप में चेन्नई टेस्ट के लिए आराम दिया गया था। पहले दो टेस्ट के लिए बेयरस्टो को आराम देने के इंग्लैंड बोर्ड के फैसले की कई पूर्व खिलाड़ियों ने आलोचना की थी। वह श्रीलंका के खिलाफ पिछली सीरीज में कप्तान जो रूट के बाद इंग्लैंड के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। बेयरस्टो ने दो टेस्ट मैचों की 4 पारियों में 46.33 की औसत से 139 रन बनाए थे। इंग्लैंड के हेड कोच क्रिस सिल्वरवुड ने तीनों खिलाड़ियों को रेस्ट देने के फैसले का बचाव किया था। उन्होंने कहा था कि मैं इस प्रणाली से पूरी तरह खुश हूं।



## ऑप्टिकल फाइबर चोरी से एयरटेल ब्रॉडबैंड ग्राहक परेशान, कंपनी ने की शिकायत

नई दिल्ली ■ एजेंसी

देश की राजधानी दिल्ली और उससे सटे एनसीआर के कुछ हिस्सों में एयरटेल के ब्रॉडबैंड ग्राहकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, कई इलाकों में एयरटेल के ऑप्टिकल फाइबर की चोरी की शिकायतें आई हैं। इस मामले में एयरटेल ने पुलिस और संबंधित प्राधिकरणों में शिकायत दर्ज कराई है और इसके समाधान की अपील की है। केबल चोरी के मामले दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में सामने आए हैं और इस मामले में कुछ लोगों को रंगे हाथों पकड़ने की खबरें भी आ रही हैं। इन सबके कारण सबसे ज्यादा दिक्कत भारती एयरटेल के ब्रॉडबैंड यूजर्स को हो रही हैं और कंपनी उनकी समस्याएं सुलझाने की कोशिश में लगी हुई है। इस बीच गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित सिहानी इलाके में एयरटेल के कर्मचारियों और फाइबर केबल काटने वालों के खिलाफ मारपीट की खबर भी मीडिया रिपोर्ट में प्रकाशित हुई है। इस मामले में भारती एयरटेल ने गाजियाबाद पुलिस के सामने एक स्थानीय केबल ऑपरेटर के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई है। इस मामले की फिलहाल जांच हो रही है। इस मामले में भारती एयरटेल के ग्रुप डायरेक्टर सिक्यॉरिटी ओपी गलहोत्रा का कहना है कि एनसीआर में हमारे फाइबर को जानबूझकर नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, जिससे हमारे ग्राहकों को काफी प्रॉब्लम हो रही है। जो लोग वर्क फ्रॉम होम कर रहे हैं या जिनके बच्चे ऑनलाइन क्लास लेते हैं, उन्हें इंटरनेट न चलने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



समीक्षा — सेंसेक्स 588 गिरावट के साथ 46286 पर बंद,निफ्टी 183 अंक गिरकर 13635 पर बंद

# सप्ताह भर शेयर बाजार गिरावट पर बंद हुए

मुंबई ■ एजेंसी

पिछले सप्ताह शेयर बाजार में उथल पुथल भरा कारोबार रहा और पूरे सप्ताह भर सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए। भारी उथल-पुथल भरे सत्र में दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त और नुकसान के बीच झूलते रहे। इस सप्ताह मंगलवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे जिसके कारण केवल सप्ताह में चार सत्रों में कारोबार हुआ। पूरे सप्ताह भर कारोबार पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन बीएसई का प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को शुरूआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स 346.55 अंक की तेजी के साथ 49,225.09 पर खुला और 530.95 अंकों की गिरावट के साथ 48,347.59 पर बंद हुआ। निफ्टी 88.40 अंक बढ़कर 14,460.30 पर खुला और 133 अंक गिरकर 530.95 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 37.69 अंक की हल्की बढ़त के साथ 48,385.28 के स्तर पर खुला और 1.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 47,409 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 0.95 अंक की मामूली नरमी के साथ 14,237.95 के भाव पर खुला और 1.91 प्रतिशत के नुकसान के साथ 13,967.50 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 523.14 अंक की गिरावट के साथ 46,886.79 पर खुला और 535 अंकों की गिरावट के साथ 46,874 पर बंद हुआ। निफ्टी 167.80 अंक गिरकर 13,799.70 पर खुला और 149 अंक की गिरावट, 13,817 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स करीब 549.11 अंक की तेजी के साथ 47423.47 पर खुला और 588 अंक नीचे आ गया और 46 हजार 286 पर बंद हुआ। निफ्टी 129.10 अंक की तेजी के साथ 13946.60 पर खुला और 183 अंक गिरकर 13 हजार 635 पर बंद हुआ।



### इस वर्ष उर्वरक बिक्री 10 प्रतिशत बढ़ कर रिकॉर्ड 6.8 करोड़ टन तक होगी!

**मुंबई** । बेहतर मानसून के बीच वर्ष 2020-21 में घरेलू उर्वरक की बिक्री 10 प्रतिशत तक बढ़कर रिकॉर्ड 6.8 करोड़ टन पहुंच सकती है। यह पिछले पांच वर्षों की तीन प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से कहीं अधिक रहेगी। क्रिसिल रेटिंग ने एक रपट में कहा गया है कि बेहतर मानसून के कारण चालू वित्तवर्ष में देश में उर्वरक की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़ कर रिकॉर्ड 6.8 करोड़ टन होना तय है। इसके अलावा पिछले नवंबर में आत्मनिर्भर भारत पैकेज 3.0 के तहत सरकार द्वारा घोषित 65,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी के समय पर वितरण किए जाने से उर्वरक निमार्ताओं के वित्तीय साख के स्वरूप में सुधार होगा। क्रिसिल रेटिंग ने कहा कि अतिरिक्त सब्सिडी का वितरण इस वित्तीय वर्ष के आखिर तक उर्वरक उद्योग पर ऋण तीन-चौथाई कम हो जाएगा और इनकी देनदार के दिनों की औसत संख्या 200 से घटाकर 50 दिन पर आ सकती है।

## आर्सेलरमित्तल निप्पन ने किया पोस्को से करार

**कोलकाता** । आर्सेलरमित्तल निप्पन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) ने पॉस्को महाराष्ट्र के साथ 2021 में हॉट रोल्ड कोइल (एचआरसी) की आपूर्ति के लिए एक करार पर हस्ताक्षर किया है। यह करार करीब 5,000 करोड़ रुपए का है। एएम/एनएस इंडिया आर्सेलर मित्तल और निप्पोन स्टील का एक संयुक्त उद्यम है। दोनों कंपनियों के बीच 2015 से यह इस प्रकार का छठा समझौता है। इस करार पर 27 जनवरी को हस्ताक्षर किया गया था। करार में यह भी कहा गया है कि एएम/एनएस इंडिया और पॉस्को महाराष्ट्र स्टील आपस में मिलकर उपभोक्ताओं को देसी इस्पात उत्पाद और सॉल्यूशंस मुहैया कराने के लिए मौजूदा श्रेणी की गुणवत्ता को बढ़ाने और नए मूल्य वर्धित श्रेणियों का विकास करने के लिए काम करेंगे। गुजरात के हजीरा में विनिर्माण संयंत्र होने से एएम/एनएस इंडिया पॉस्को महाराष्ट्र के संयंत्र के लिए एचआरसी की आपूति के लिए रणनीतिक रूप से अहम है। एचआरसी का उपयोग कोल्ड रोल्ड और परतयुक्त इस्पात के विनिर्माण के लिए किया जाता है।

# एक नजर...

## दसवीं और बारहवीं का परीक्षा कार्यक्रम घोषित

**ग्वालियर ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने वर्ष 2021 के दसवीं, बारहवीं, शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा और डी.पी.एस.ई. की परीक्षा के कार्यक्रम घोषित किये हैं। दसवीं की परीक्षा 30 अप्रैल से 15 मई तक और बारहवीं की परीक्षा एक मई से 18 मई तक आयोजित की जाएगी। इसी तरह शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) और डी.पी.एस.ई. परीक्षा (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) 30 अप्रैल से 11 मई तक आयोजित की जाएगी। ये सभी परीक्षाएँ प्रातः 8 बजे से 11 बजे के बीच सम्पन्न होंगी। परीक्षा केंद्र पर सभी परीक्षार्थियों को प्रातः 7~30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 7~45 बजे के पश्चात किसी भी छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनट के पूर्व छात्रों को उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व प्रश्न पत्र दिए जाएंगे। हायर सेकेंडरी परीक्षा में केवल वाणिज्य संकाय के विषयों तथा हाई स्कूल परीक्षा में प्रायोगिक विषयों को छोड़कर शेष विषयों में नियमित एवं स्वाध्यायी छात्रों के लिए प्रश्न पत्र 100 अंकों का होगा, किंतु नियमित छात्रों को 100 अंक के प्राप्तांक का 80त्न अधिभार एवं स्वाध्यायी छात्रों को 100 अंकों के प्राप्तांक अंकसूची में प्रदर्शित किए जाएंगे।नियमित, स्वाध्यायी, दृष्टिहीन, मूक-बधिर दिव्यांग परीक्षार्थियों की परीक्षाएं सामान्य रूप से एक ही दिन एवं समय में संपन्न होंगी। परीक्षा काल में शासन द्वारा यदि कोई सार्वजनिक या स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तो भी परीक्षाएं यथावत कार्यक्रम अनुसार ही संपन्न होंगी। परीक्षा का कार्यक्रम मण्डल की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## श्री कान्याल ने जिला पंचायत सीईओ का कार्यभार संभाला

**ग्वालियर ।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री किशोर कान्याल ने शनिवार को अपरान्ह में जिला पंचायत ग्वालियर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। श्री कान्याल इससे पहले अपर जिला दण्डाधिकारी ग्वालियर के पद पर पदस्थ थे। श्री कान्याल के पास लम्बा प्रशासनिक अनुभव है। वे भोपाल नगर निगम में अपर आयुक्त, मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम में कार्यपालिक निदेशक, ग्वालियर विकास प्राधिकरण व विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और ग्वालियर व भोपाल में अनुविभागीय दण्डाधिकारी के पद पर पदस्थ रह चुके हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि आम आदमी को सही समय पर व बिना कठिनाई के शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

## पंजीकृत वास्तुविद 300 वर्ग मीटर तक के भू-खण्डों पर जारी कर सकेंगे भवन अनुज्ञा

**ग्वालियर ।** राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम-2012 के नियम 6 के उप-नियम (3) में संशोधन किया गया है। अब पंजीकृत वास्तुविद/स्ट्रक्चरल इंजीनियर को संचालक नगर तथा ग्राम निवेश के अनुमोदन के बाद 300 वर्ग मीटर तक के क्षेत्रफल के भू-खण्डों पर भवन अनुज्ञा जारी करने के लिये प्राधिकृत किया जा सकेगा।

ऐसे कॉलोनाइजर, जो भू-खण्ड/भवन विक्रय करते हैं, को ऐसी अनुज्ञा जारी नहीं की जा सकती। सक्षम प्राधिकारी भवन अनुज्ञा जारी करने की शक्ति किसी भी ऐसे वास्तुविद/स्ट्रक्चरल इंजीनियर को नहीं देगा, जो 10 वर्ष का अनुभव नहीं रखते हों तथा अन्य निर्धारित मापदण्डों का पालन नहीं करते हों। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री निकुंज श्रीवास्तव द्वारा इस संबंध में यथोचित कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये हैं।

## ई-मतदाता पहचान पत्र प्रदान करने संबंधी निर्देश

**ग्वालियर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ई-मतदाता पहचान-पत्र मुद्रित किए जाने की व्यवस्था की गई है। आयोग द्वारा निर्देशित किया गया है कि निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2021 के दौरान जोडे गए नवीन मतदाताओं को ई-मतदाता पहचान पत्र के लिए उनके मोबाईल पर एक लिंक प्रदान की गई है जिसका उपयोग कर उन्हें अनिवार्य रूप से ई-ईपिक डाउनलोड कराया जाए। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा समस्त कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि समस्त जिले के विधानसभावार ऐसे नवीन मतदाताओं की सूची संलग्न है जिनका यूनिक मोबाईल नम्बर दर्ज है। इसके लिए अपने अधिनस्थ ईआरओ को निर्देशित करे कि वे ऐसे नवीन मतदाताओं को एनव्हीएसपी पर रजिस्टर कराकर ई-ईपिक डाउनलोड करने एवं प्रोत्साहित करने के लिए व्यक्तिगत सम्पर्क करें तथा नवीन मतदाताओं को ई-ईपिक उपलब्ध कराने का कार्य 31 जनवरी 2021 से पूर्व सम्पादित किया जाना भी सुनिश्चित करें।

## गुरु-शिष्य परम्परा के अंतर्गत छात्रवृत्ति के लिये आवेदन आमंत्रित

**ग्वालियर ।** मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के अंतर्गत संचालित उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी की ओर से गुरु-शिष्य परम्परा के तहत ध्रुपद गायन का प्रशिक्षण ध्रुपद केन्द्र में दिया जायेगा। ध्रुपद केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी की गई है। पूर्व में आवेदन जमा करने की तिथि 31 जनवरी 2021 थी। प्रशिक्षण की अवधि चार वर्ष रहेगी। चयनित प्रतिभागी को प्रतिमाह 3 हजार रुपये बतौर छात्रवृत्ति प्रशिक्षण अवधि में दी जायेगी। आवेदक की उम्र 16 से 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। उल्लेखनीय है कि भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परम्परा प्रतिष्ठित है। इसी परम्परा के निर्वहन के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये अकादमी की वेबसाइट एवं अन्य माध्यम से डाउनलोड की जा सकती है। आवेदन-पत्र की फोटो प्रतियाँ (ए-4 साइज) भी स्वीकार की जायेगी।

# शहर को स्वच्छ व सुंदर रखने की जिम्मेदारी हम सभी की: ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

### जल संरक्षण, बिजली बचाओ एवं स्वच्छ ग्वालियर के उद्देश्य को लेकर, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने निकाली पदयात्रा





**ग्वालियर ।** शहर हम सभी का है इसको स्वच्छ, सुंदर व भयमुक्त वातारवण बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। सभी अपनी अपनी जिम्मेदारी से कार्य करें तो हम अपने शहर को स्वच्छता में प्रथम स्थान पर तो ला सकते हैं। साथ ही हमारे नौनिहालों को भी कई बीमारियों से बचा पायेगें। इसीलिए हमें स्वच्छता को अपनी आदत बनाना होगा। यह अपील प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर विधानसभा में स्वच्छता, पानी व बिजली बचाओं के लिए निकाली गई दो दिवसीय पदयात्रा में आमजन से की।

ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान, पानी बचाओ अभियान के साथ ही गंदे पानी से निजात हेतु टोंटी लगाओ अभियान, बिजली बचाओ अभियान और पर्यावरण संरक्षण के लिये जन जागृति हेतु प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर द्वारा दो दिवसीय पदयात्रा निकाली गई है। जिसमें शनिवार को पदयात्रा का शुभारंभ सार्वजनिक धर्मशाला घासमंडी से किया गया। पदयात्रा के दौरान बडी संख्या में क्षेत्र के नागरिकगणों ने उत्साह से भाग लिया। पदयात्रा का समापन हलवाट खाना पर किया गया। साथ ही पदयात्रा में सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे और आमजन की समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा स्वच्छता के प्रति आमजन को जागृत करने निकाली जा रही पदयात्रा के दौरान मंत्री श्री तोमर ने पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय औषधालय एवं प्रसूति गृह घासमंडी लधेडी का निरीक्षण करते हुए डाक्टरों की उपस्थिती के बारें में जानकारी ली, साथ ही अस्पताल में की जाने वाली जांचो के लिए रजिस्टर चैक करते हुए बोले पिछले 4 माह से एक भी जांच नही हो रही है, इस पर डॉक्टर विजय उटगेरकर ने बताया कि लेब टैक्नीशियन को हटा दिया है। मंत्री श्री तोमर ने सीएमएचओ से दूरभाष पर चर्चा करते हुए निर्देश दिये कि अस्पताल में किस-किस सामान की आवश्यकता है आप मुझे अवगत कराये साथ ही यहां आने वाले मरीज का एक्सरे, जांचे और दवाइयों के लिए लौटाया न जाये। साथ ही अस्पताल परिसर को साफ व स्वच्छ रखा जाये। पदयात्रा मंगलेश्वर रोड एवं गोविंद पौर पर पहुंचने पर मंत्री श्री तोमर के पास क्षेत्र की महिलायें अपनी अपनी समस्यायें लेकर आईं, सबसे ज्यादा पानी नही आना और गंदा पानी आने की समस्या आने पर साथ में चल रहे निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 4 दिन में गंदे पानी और पानी न आने की समस्या का निराकरण कर दिया जाये, नही तो मैं आपके खिलाफ सख्त कार्यवाही करूंगा। साथ ही बिल के अधिक आने व आंकलित खपत के बिल आने की शिकायत भी मंत्री श्री तोमर को पदयात्रा के दौरान क्षेत्र वासियों ने दी। इस पर साथ में चल रहे विद्युत विभाग के अधिकारियों ने तुरंत बिलों के निराकरण के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही केशव बीडी कारखाने के सामने हाईमास्क लाईट लगाने के लिए एवं मरकरी तथा साफ सफाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिदिन क्षेत्र में सफाई की जाये, कचरा लेने के लिए समय पर वाहन आये तथा सडक पर कोई भी कचरा न डाले।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने स्वच्छता का संदेश देते हुए चाट का ठेला लगाने वाले, सबजी का ठेला लगाने वाले, चाय की दुकान, समोसे की दुकान लगाने वालों को डस्टबिन देते हुए कहा कि यह शहर हम सभी का है इसको स्वच्छ व साफ रखने की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। साथ ही शहर को स्वच्छता में नम्बर एक स्थान पर भी लाना है इसके लिए हमें अपने में स्वच्छता की आदत डालनी होगी। हमें प्रण करना होगा कि कचरा रोड पर न फैंके, कचरा डस्टबिन में डालें एवं कचरा सिर्फ कचरा गाडी में ही डालें तभी हम शहर को सुंदर व स्वच्छ बना सकते हैं।

**सडक पर बैठकर सुनी आमजन की समस्यायें**-प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा निकाली जा रही पदयात्रा बंडाघूरा पंहुचने पर क्षेत्र की महिलायें व पुरूष बडी संख्या में मंत्री श्री तोमर के पास अपनी अपनी समस्या लेकर सडक पर बैठे थे, उनको देखकर मंत्री श्री तोमर भी उनकी समस्या सुनने के लिए सडक पर ही बैठ गए। सभी की समस्या सडक पर बैठकर ही सुनी तथा साथ में चल रहे अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सब मेरे परिवार के सदस्य हैं इनकी समस्या का निराकरण तुरंत किया जाये।

**जमुना बाई के हाथ से खाया खाना**-प्रदेश सरकार के ऊर्जा श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा स्वच्छता के प्रति जनजागृति के लिए निकाली जा रही पदयात्रा जैसे ही मंशा देवी वाली गली में पहुंची वैसे मंत्री श्री तोमर ने जमुना बाई से कहा माई में पदयात्रा में सुबह से चल रहा हूँ, भूख लगी है, कुछ बनाया हो तो खिला दो। इस पर जमुना बाई आलू मैथी की सबजी व रोटियां लेकर आई और अपने हाथों से मंत्री श्री तोमर को खाना खिलाया। इसके बाद मंत्री श्री तोमर ने जमुना बाई की समस्या सुनकर अधिकारियों को निर्देशित किया की इनकी पेंशन और क्षेत्र में पानी की समस्या का निदान 5 दिन में किया जाये।

### मुख्यमंत्री ने जिले के किसानों सहित प्रदेश के कुल 20 लाख किसानों को

# 400 करोड़ रूपए की किसान सम्मान निधि




**ग्वालियर ।**ग्वालियर जिले के किसानों ने भी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के उदबोधन का सीधा प्रसारण सुना । मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शनिवार को सागर जिला मुख्यालय पर आयोजित हुए प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से एक क्लिक के जरिए ग्वालियर जिले के किसानों सहित प्रदेश के कुल 20 लाख किसानों के खाते में 400 करोड़ रूपए किसान सम्मान निधि के रूप में भेजे। यहाँ बाल भवन में आयोजित हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव, संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में जिले भर से आए किसानों ने एलईडी स्क्रीन के जरिए मुख्यमंत्री श्री चौहान की मौजूदगी में सागर में आयोजित हुए कार्यक्रम को देखा। साथ ही उनका उदबोधन भी सुना। इसी तरह जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कृषकगण वर्चुअल रूप से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। बाल भवन में आयोजित हुए कार्यक्रम में जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव ने जिले के प्रगतिशील किसानों को सम्मान राशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। जिसमें जैविक खेती कर रहे ग्राम सेंकरा जागीर के श्री जगदीश प्रसाद कुशवाह, फलोद्यान व फूलों की खेती कर रहे पठा पनिहार के श्री श्याम सुंदर सिंह यादव को 25-25 हजार रूपए एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसी तरह उद्यानिकी के क्षेत्र में मशरूम उत्पादन से जुड़ीं ग्राम समूदन की श्रीमती अनीता बाई को 20 हजार रूपए एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इनके अलावा अन्य किसानों को भी सहायता राशि वितरित की गई। ज्ञात हो भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत हर पात्र किसान के खाते में एक साल में 6 हजार रूपए की राशि पहुँचाई जाती है। मध्यप्रदेश में इसके अलावा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत हर पात्र किसान के खाते में 4 हजार रूपए की राशि प्रदेश सरकार पहुँचाती है। उसी की दूसरी किस्त का मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शनिवार को ऑनलाइन भुगतान किया। मध्यप्रदेश देश में पहला राज्य है जिसमें किसानों के खाते में एक साल के भीतर 10 हजार रूपए पहुँचाए जाते हैं।

# अब 8 मार्च और 5 जून को भी होंगी ग्राम सभाओं की बैठकें

**ग्वालियर ।** राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि वर्ष में पूर्व से निर्धारित चार ग्राम सभाओं के अलावा प्रत्येक वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च एवं विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को भी ग्राम सभा की विशेष बैठक आयोजित की जायेंगी।पंचायत राज संचालनालय द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं कि ग्राम सभाएँ रोटेशन में ग्राम पंचायत के सभी ग्रामों में पृथक-पृथक आयोजित की जाएं। जब ग्राम पंचायत के मुख्यालय के गाँव में ग्राम सभा का आयोजन हो तो सभी ग्रामों के लोग उपस्थित रहें। वर्तमान में प्रत्येक ग्राम सभा के लिए नियुक्त नोड़ल अधिकारी सामान्यतः क्लस्टर/सेक्टर लेवल के होते हैं। कुछ चयनित ग्राम सभाओं में जिला या विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिये कहा गया है। कोरम की पूर्ति एक औपचारिकता का विषय नहीं। ग्राम सभा आयोजन का प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे कोरम की पूर्ति हो सके। ग्राम सभा की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिये गये हैं। ग्राम सभा की बैठक का कार्रवाई विवरण बैठक समाप्त होने के पूर्व पढ़कर सुनाया जाये। संचालक पंचायत राज श्री बी.एस. जामोद ने कहा कि ग्राम सभाओं की बैठकों को आकर्षक व रोचक बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग व अन्य विकास विभागों का आई.ई.सी. मटेरियल, दृश्य, श्रव्य माध्यामों से डिस्प्ले की व्यवस्था की जाये ग्राम सभा की बैठकों में महिलाओं, अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग, युवाओं व दिव्यांगों की उपस्थिति ग्राम सभाओं की जनसंख्या के अनुपात में सुनिश्चित की जाए। कोविड़-19 के तहत शासन स्तर से जारी निर्देशानुसार प्रभावी कार्रवाई करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित हो।

GPS BASED VEHICLE TRACKING SYSTEM & MANAGEMENT FROM W2TRACK SOLUTIONS
Please call us for demo/order: +91 9827270016/7738373527/7738373526
जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और वाहन प्रबंधन प्रणाली - अपने परिवहन प्रणाली को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाएं।
W2TRACK
✓GPS based Track, Monitor & Analyze your vehicles in real-time
✓Digital records of all your fleet operations at Central place
✓Optimise your Routes, Scheduling and Dispatch
✓Improve Driver Behaviour, remotely immobilize vehicle etc.
✓Improve productivity, efficiency & safety
✓Manage fleet expenses & reduce operational cost (ROI)
✓Power Your Fleets with Latest AIS 140 GPS Devices
Website & Mobile based Application/Software
MAKE IN INDIA
₹2999
Basic GPS Based Fleet Monitoring System with Advanced Reporting
RTO ApprovedNTEGRATEDAIS 140 GPS Device (ARAI/ICAT Approved)
PUBLIC TRANSPORT VEHICLES
-SCHOOL BUSES
-TAXI/CABS
-TRANSIT BUSES
-INTERCITY BUSES
COMMERCIAL VEHICLES
SABA TECHNOSOFT
Deliver The Best, Performance Assured
₹5999
GSTIN: 27ACUFS2949C1ZO www.w2track.com (Locations PAN India GPS Service)

## ग्वालियर जिले के 48 हजार 940 किसानों ने सुना मुख्यमंत्री का उदबोधन

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम में ग्वालियर जिले के 48 हजार 940 किसानों ने हिस्सा लिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में 1241, विकासखण्ड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में 2284 एवं जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित हुए कार्यक्रमों में कुल 45 हजार 415 किसान शामिल हुए। इन सभी किसानों ने एलईडी स्क्रीन व सोशल मीडिया इत्यादि के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का उदबोधन सुना।

## संभाग आयुक्त कार्यालय में मौन रखकर बापू को दी गई श्रृंद्धांजलि

**ग्वालियर ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य-तिथि पर मोतीमहल स्थित संभाग आयुक्त कार्यालय में दो मिनट का मौन रखकर सामूहिक रूप से बापू को श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 73वीं पुण्य-तिथि पर उनका स्मरण करते हुए श्रृद्धांजलि दी।

प्रो.- विपिन सिंह तोमर
(संचालक सौम्या प्रापर्टी डीलर)
मो.-9301759475
9713253992
मेल- vipintomar172@gmail.com
सौम्या प्रोपर्टी डीलर
आवासीय भूमि (प्लॉट, फ्लैट, मकान, बंगला, खरीदने, बेचने व किराये) पर लेने देने के लिये सम्पर्क करें
ग्वालियर शहर में प्रोपर्टी खरीदने व बेंचने के लिये सम्पर्क करें
पता- दुकान न. 3/4 तोमर मार्केट, गायत्री मंदिर वाली गली, पिंटो पार्क, ग्वा.

P TV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई
कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन /31130 निकट हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478